पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
वर्ष - 22 ◆ अंक - 11 ◆ रायपुर 05 दिसंबर 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### नक्सलवाद और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने बनी रणनीति

## टीम भावना से किया गया कार्य होगा सफल : पीएम मोदी

### पुलिसिंग का एआई का उपयोग में हुआ मंथन




**रायपुर ।** नवा रायपुर अटल नगर में आज 60वें डीजी, आईजी कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन पुलिसिंग का एआई में उपयोग को लेकर व्यापक मंथन हुआ। इसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। बैठक में भारत की पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने तथा आतंकवाद-नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने पर चर्चा हुई।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज आईजी डीजीपी कॉन्फ्रेंस आईआईएम सभागार में सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ। बैठक में पुलिस की व्यवस्था को मजबूत करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। यह सत्र दो चरणों में होगा लंच के पहले और लंच के बाद इस बैठक में आज नई भारतीय कानून बीएनएस में एआई का उपयोग भारतीय आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने तथा नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी तय की गई है। बैठक में आज अंतिम दिन इस माहौल को एतिहासिक बनाने के लिए ग्रुप फोटो सेशन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीम भावना से किया गया कार्य सफल होता है। बैठक में नई चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। नवा रायपुर में प्रधानमंत्री, स्पीकर हाउस एम-1 में ठहरे हुए हैं। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल एवं आईबी के प्रमुख तपन डेका, गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय, विभिन्न प्रदेशों के आईजी, डीजीपी एवं विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुख भाग ले रहे हैं। यहां पर कार्यक्रम स्थल से मीडिया को भी दूर रखा गया है। यह संवेदन आईआईएम के साउंड प्रुफ हॉल में हो रहा है।

### छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक अवसर

छत्तीसगढ़ के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है, प्रधानमंत्री यहां पर तीन दिन के लिए ठहरे हैं। प्रधानमंत्री सहित गृहमंत्री राज्यमंत्री यहां पर पुलिस मंथन में भाग ले रहे हैं। राजधानी में सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों को बस में बैठाकर आईआईएम आया जा रहा है। इसके अलावा अधिकारियों ऐतिहासिक स्थल दिखाने ले जाएंगे। विभिन्न प्रदेशों से आए पुलिस अधिकारी यहां से रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री आज शाम को नवोदय विद्यालय के छात्रों से भी मिलेंगे। नई दिल्ली में कल एक दिसंबर से शीतकालीन संसद का सत्र चालू हो रहा, इसमें भाग लेंगे।

## दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशील बने समाज-राज्यपाल



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका विश्व दिव्यांगजन दिवस पर कोपलवाणी श्रवण बाधित विद्यालय सेमरिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और दिव्यांग बच्चों को आर्शीवाद एवं प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर श्री डेका ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए समाज संवेदनशील बने, उनका सम्मान करें और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग करें। इस दौरान कार्यर् म में राज्यपाल ने विद्यालय से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को जो स्वरोजगार व अन्य क्षेत्र में कार्य कर रहे है, उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने इस विद्यालय को अपने स्वेच्छानुदान मद से 5 कम्प्यूटर प्रदान करने की घोषणा की साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के लिए व्यक्तिगत रूप से 2 लाख रूपए देने की भी घोषणा की।

**दिव्यांग बच्चें समाज के अभिन्न अंग**

राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगजन भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमे ऐसा माहौल बनाना है जहां उन्हें किसी भी तरह की रूकावट महसूस न हो। हम शासन और समाज मिलकर दिव्यांगजनों के लिए ऐसी दुनिया बनाएं जहां वे सम्मान और आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए।

## सफलता के लिए निरंतर सीखना, कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्य - पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

### *अनुशासन, नवाचार और अपनी संस्कृति से जुड़ाव - यही है सफल भविष्य की कुंजी- मुख्यमंत्री साय*





**रायपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन आज पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल श्री रमेन डेका ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. दिवाकर नाथ वाजपेयी उपस्थित रहे। समारोह में 64 शोधार्थियों को शोध उपाधि, 92 गोल्ड मेडल एवं 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि दी गई।

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने स्नातक छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने युवा पीढ़ी की ऊर्जा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है और वर्तमान युवा इसका ऐतिहासिक साक्षी और भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से स्नातक होना शिक्षा की पूर्णता नहीं है, बल्कि इक्कीसवीं सदी में सफलता के लिए निरंतर सीखना, कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्य है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विश्वविद्यालयों में बेटियाँ शिक्षा के क्षेत्र में कई बार बेटों से आगे निकल रही हैं और इस विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेताओं में भी बेटियों की संख्या उल्लेखनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों, विशेषकर पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे माता-पिता का त्याग, परिवार का सहयोग और गुरुओं का अमूल्य मार्गदर्शन भी निहित है।

यह हर विद्यार्थी के लिए एक सुनहरा यादगार पल है, जिसे वे जीवनभर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि- कभी यह मत सोचिए कि आप पीछे रह गए हैं। यदि आप प्रयास करना नहीं छोड़ते, तो आप हमेशा पहले स्थान पर हो सकते हैं। उन्होंने छात्रों से अपने सपनों को साकार करने के लिए परिश्रम करने, भारतीय संस्कृति, मूल्यों और जड़ों से जुड़े रहने और योग व विज्ञान जैसी भारतीय विरासत को अपनाने का आह्वान किया।

# संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने जिले में सख्त व्यवस्था लागू

## निजी कृषि केंद्रों में कृषि अधिकारियों की उपस्थिति में डीएपी वितरण शुरू, किसानों को जागरूक किया गया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**बेमेतरा।** जिले में अत्यधिक डीएपी उर्वरक के उपयोग से मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। संचालनालाय नवा रायपुर पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए तथा एनपीके, एसएसपी एवं अन्य पोषक तत्वों के विकल्पों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। रबी वर्ष 2025-26 में जिले के जिन निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में 15 मीट्रिक टन से अधिक डीएपी उपलब्ध है, वहां उर्वरकों की उपलब्धता को नियंत्रित रखते हुए संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैदानी कृषि विस्तार अधिकारी (कृ.वि.अधि.) एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्रा.कृ.वि.अधि.) की ड्यूटी लगाई गई है।

निर्देशानुसार अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों में उपस्थित रहकर पीओएस मशीन के माध्यम से ही डीएपी का वितरण सुनिश्चित करेंगे, जिससे किसानों को आवश्यकता के अनुरूप संतुलित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित उर्वरक निरीक्षक द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में जिले में आज निजी कृषि केंद्र से डीएपी वितरण की शुरुआत की गई । एम.एस. वर्मा कृषि केन्द्र, थानखमरिया में कृषि अधिकारी की उपस्थिति में किसानों को कुल 38 बैग डीएपी उर्वरक का वितरण किया गया। अधिकारियों ने किसानों को समझाया कि डीएपी का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित कर सकता है, इसलिए एनपीके, एसएसपी जैसे संतुलित विकल्पों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कृषि विभाग के इस सक्रिय कदम से जिले में उर्वरक उपयोग को वैज्ञानिक एवं संतुलित बनाने में मदद मिलेगी तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति किसानों में महत्वपूर्ण जागरूकता पैदा होगी।

# रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक का थान खम्हरिया दौरा

### स्व. मुकेश सिंघानिया को दी श्रद्धांजलि, कार्यकर्ताओं से मिले - संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने शुक्रवार को थान खम्हरिया नगर पहुँचकर प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. मुकेश सिंघानिया के निवास पर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजन को संबल एवं धैर्य बनाए रखने की बात कही। इसके पश्चात अध्यक्ष रजक नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं—रामविलास शर्मा, छेदीलाल अग्रवाल एवं पुरुषोत्तम सिंघानिया से मिले। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं गमछा पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने कहा, किसी भी समाज के विकास की बुनियाद सेवा, संस्कार और साहस पर टिकी होती है। कार्यकर्ताओं को संगठित होकर मजबूत संस्कारित संगठन के निर्माण की दिशा में काम करना चाहिए। हम सब मिलकर पार्टी की नींव को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, पूर्व पार्षद विजय शर्मा, विजय यादव, प्रवेश नेताम, प्रमोद सिंघानिया, भागचंद अग्रवाल, पार्षद सूरज पाल, नरेंद्र सिंह राजपूत एवं शरद कुंभकार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुर्रा में हुआ महिला कमांडो का गठन, विधायक इंद्र साव ने बैच पहनाकर दी शुभकामना



ब्यूरोचीफ गौरव अग्रवाल द्वारा

**भाटापारा।** नशा मुक्ति अभियान के तहत भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुर्रा में महिला कमांडो का गठन होने पर विधायक इंद्र साव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई देते हुए उनका बेच लगाकर स्वागत किया।

विदित हो कि गांव गांव में लगातार अवैध शराब की बिक्री से गांवों का दूषित हो रहा वातावरण को ध्यान में रखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से इसके रोकथाम के लिए गांवों में महिला कमांडो का गठन कर उन्हें स्वतंत्र रूप से कार्य करने की आजादी दी जा रही है,जिसका परिणाम भी सार्थक मिल रहा है। ब्लाक के ग्राम गुर्रा में भी महिला कमांडो का गठन किया गया है,जो क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए ना केवल कार्य करेगी बल्कि गांव को शराब जैसी कुरीतियों से दूर रखने का कार्य करेगी।

ग्राम गुर्रा में महिला कमांडो का गठन होने पर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और उनका उत्साह वर्धन करते हुए उनका बेच लगा कर स्वागत किया।इस दौरान विधायक श्री साव ने कहा कि क्षेत्र में नशा खोरी का कार्य करने वालों को अब सजग हो जाना होगा और उन्हें यह क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा क्योंकि अब यहां की कमान महिलाओं ने संगठित रूप से संभाल ली है ऐसे में शराब या अन्य नशा पान करने वालों से निपटने और उन्हें नशा खोरी की ओर धकेलने वालों के खिलाफ यहां की कमांडो टीम तैयार हो गई है।विधायक श्री साव ने कहा कि नशा से व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरा परिवार टूटता है उन्होंने लोगो से नशापान से दूर रहने की अपील करते हुए कहा अगर नशा करना ही है तो नशा ऐसा करो कि उनके बच्चे अच्छी और ऊंची शिक्षा प्राप्त कर अपना अपने परिवार और अपने गांव शहर का नाम रोशन कर सके।विधायक इंद्र साव ने अपने विधान सभा क्षेत्र के गांव में महिला कमांडो के गठन पर पंचायत प्रतिनिधियों को सामने आने का आग्रह भी किया है।

इस महिला कमांडो गठन के अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच गंगा ध्रुव,उप सरपंच सीमा साहू, गोवर्धन ध्रुव, अध्यक्ष कमला खुटे, उर्मिला ध्रुव, आरती सोनी, पंच बाई रात्रे, किरण रात्रे, सावित्री बंजारे, संतन घृत लहरे, सरोज जायसवाल, ईश्वरी साहू, ईश्वरी सोनी, निर्मला साहू सहित महिला कमांडो की सभी सदस्य उपस्थित थी।

# भारत की आर्थिक विकास दर ने पूरे विश्व को चौंकाया

जैसे ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हुए कुछ मूर्धन्य पत्रकार तुरन्त अपने आंकलन के साथ मीडिया में उपस्थित हो गए एवं अपनी प्रतिक्रिया में यह बताने का प्रयास करने लगे कि भारत की आर्थिक विकास दर तो इतनी तेज गति से आगे बढ़ ही नहीं सकती। वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 5.6 प्रतिशत रही थी। विशेष रूप से विनिर्माण एवं सेवा के क्षेत्र में वृद्धि दर अतुलनीय रही है। विनिर्माण के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि दर रही थी जो वर्ष 2025-26 की तिमाही में बढ़कर 9.1 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार, सेवा क्षेत्र में भी वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत की रही है। वित्तीय, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं में तो वृद्धि दर बढ़कर 10.2 प्रतिशत (पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.2 प्रतिशत) एवं जन प्रशासन, डिफेन्स एवं अन्य सेवाओं में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत (पिछले वर्ष 8.9 प्रतिशत) की रही है। व्यापार, होटल, यातायात एवं कम्यूनिकेशन में भी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत (पिछले वर्ष 6.1 प्रतिशत)। केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं डिफेन्स के क्षेत्र में भी 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। कृषि क्षेत्र में जरूर वृद्धि पिछले वर्ष 4.1 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई है एवं कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में भी वृद्धि दर पिछले वर्ष 8.4 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष घटकर 7.2 प्रतिशत रही है।




जैसे ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हुए कुछ मूर्धन्य पत्रकार तुरन्त अपने आंकलन के साथ मीडिया में उपस्थित हो गए एवं अपनी प्रतिक्रिया में यह बताने का प्रयास करने लगे कि भारत की आर्थिक विकास दर तो इतनी तेज गति से आगे बढ़ ही नहीं सकती। क्योंकि, वैश्विक स्तर पर इतनी विपरीत परिस्थितियों के बीच एवं विकसित देशों में विकास की धीमी दर एवं कुछ देशों में तो विकास दर के ऋणात्मक रहने के चलते (OECD देशों की आर्थिक विकास दर 2 प्रतिशत के भी नीचे है), भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के ऊपर कैसे रह सकती है। साथ ही, विभिन्न वित्तीय संस्थानों यथा, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, विश्व व्यापार संगठन के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान जताया था। फिर, भारत की आर्थिक विकास इस अवधि में 8.2 प्रतिशत कैसे रह सकती है? हाल ही के समय में केंद्र सरकार ने भारत में आर्थिक क्षेत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। इन सुधार कार्यक्रमों का असर अब भारत की आर्थिक विकास दर में तेजी के रूप में दिखाई देने लगा है। आयकर की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है और इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 में लागू किया जा चुका है। भारत में 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों को (लगभग 10 प्रतिशत तक) कम कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों (रेपो दर) में एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है एवं दिसम्बर 2025 माह में 25 आधार बिंदुओं की एक और कटौती की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भारत की मातृशक्ति के बैंक खातों, किसानों के बैंक खातों एवं गरीब वर्ग के बैंक खातों में सीधे ही सहायता की राशि जमा की जा रही है। साथ ही, भारत के लगभग 65 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त उपायों का स्पष्ट असर यह हो रहा है कि भारत के दूर दराज इलाकों में निवासरत गरीब वर्ग के हाथों में सीधे पैसा पहुंच रहा है, जिससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ रही है एवं वे इस पैसे से कई प्रकार के उत्पादों का सेवन करने लगे हैं और जिससे अंततः देश में इन उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में निजी उपभोग भी वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही के 4.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में 8 प्रतिशत से बढ़ा है। साथ ही केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों में भी 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जिससे रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं एवं उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज हुई है। उक्त कारणों के साथ ही, भारत में धार्मिक पर्यटन में भी भारी वृद्धि हुई है। अब, कई श्रद्धालु परिवार भारत के अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु प्रति माह लाखों की संख्या में पहुंच रहे हैं।

**- प्रह्लाद सबनानी**

# केंद्र सरकार की सुनियोजित रणनीति का सकारात्मक परिणाम है जीडीपी का मौजूदा उछाल!

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में हालिया वृद्धि (जैसे जुलाई 2025 में 5.4% और Q2 FY26 में मजबूत उत्पादन) के प्रमुख कारण मजबूत घरेलू मांग, नए ऑर्डरों का उछाल तथा जीएसटी दर कटौती रहे। क्षमता उपयोग 75% तक पहुंचा, जिससे 87% इकाइयों ने उच्च उत्पादन दर्ज किया।




सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में पूंजीगत व्यय के रूप में रिकॉर्ड 2.65 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए, जिससे सड़क निर्माण की गति 2.8 गुना बढ़ गई और रेलवे नेटवर्क का विस्तार हुआ। इसके अलावा, निजी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय मुद्रीकरण योजना और अवसंरचना परियोजना विकास निधि जैसी पहलें लागू की गई हैं।

केंद्र सरकार में पिछले लगभग 12 वर्षों से सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार की सुनियोजित आर्थिक रणनीति का सकारात्मक परिणाम जब जीडीपी के मौजूदा उछाल के रूप में सामने आया तो देश-दुनिया के आर्थिक पंडित भी चौंक गए, क्योंकि यह उनकी आकलित उम्मीदों से भी ज्यादा है। यह बात अलग है कि मोदी सरकार का लक्ष्य 4.0 सरकार बनने से पहले ही भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को 5 ट्रिलियन प्रदान करना है, जिस दिशा में वह मजबूती से सधे पांव रखकर अग्रसर है।

ऐसा में इसलिए कह रहा हूँ कि भारत की वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2025) में जीडीपी वृद्धि दर 8.2% रही, जो अर्थशास्त्रियों के 7.3-7.5% के अनुमान से कहीं अधिक अप्रत्याशित रूप से ऊंची साबित हुई। दरअसल, यह वृद्धि पिछले वर्ष की समान तिमाही के 5.6% से भी काफी बेहतर है, जिससे भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसके प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं:- विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और निर्माण क्षेत्र में 8.1% तथा सेवा क्षेत्र में 9.2% की मजबूत वृद्धि ने इस अप्रत्याशित तेजी को संभव बनाया। इसके अलावा, जीएसटी दरों में कटौती, त्योहारों से पहले स्टॉकिंग बढ़ना और ग्रामीण मांग में सुधार मुख्य प्रेरक बने। वहीं, अन्य सहायक कारक में निजी अंतिम उपभोग व्यय (PFCE) में 7.9% की वृद्धि से उपभोक्ता खर्च में उछाल आया, जो आय और रोजगार वृद्धि को दर्शाता है। यही नहीं, महंगाई दर ऐतिहासिक निचले स्तर पर आने से क्रय शक्ति मजबूत हुई, जिसमें खाद्य मूल्यों में कमी और अनुकूल बेस इफेक्ट शामिल हैं। जबकि मौद्रिक ढील, नियामक सुधारों के विलंबित प्रभाव तथा निर्यात पर सीमित असर ने भी योगदान दिया। यह प्रदर्शन अमेरिकी टैरिफ जैसे वैश्विक दबावों के बावजूद घरेलू मांग की मजबूती दिखाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि भारत की जीडीपी वृद्धि के प्रमुख चालक मजबूत घरेलू मांग, सेवा क्षेत्र की तेजी, सरकारी बुनियादी ढांचा निवेश और कृषि सुधार हैं। हाल की तिमाही में सेवा क्षेत्र ने 9.3% की वृद्धि दर्ज कर कुल जीडीपी को 7.8-8.2% तक खींचा। वहीं, सेवा क्षेत्र जीडीपी का 55% से अधिक योगदान देता है, जिसमें वित्तीय सेवाएं, ई-कॉमर्स और आईटी प्रमुख हैं। इसकी मजबूत वृद्धि ने खपत और रोजगार को बढ़ावा दिया। वहीं, बुनियादी ढांचा निवेश में सरकार की गतिशक्ति, भारतमाला और राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन जैसी योजनाओं ने पूंजीगत व्यय बढ़ाया। इनसे रोजगार सृजन और निजी निवेश को गति मिली।

वहीं, कृषि और ग्रामीण मांग बढ़ी है। कृषि क्षेत्र में 3.7% वृद्धि और सामान्य मानसून ने ग्रामीण खपत को समर्थन दिया। यह 15-18% जीडीपी योगदान के साथ 50% आबादी को रोजगार प्रदान करता है। अन्य सुधार जैसे- पीएलआई योजना ने विनिर्माण को बढ़ावा दिया, जबकि जीएसटी और कॉर्पोरेट कर सुधारों ने व्यापार वातावरण सुधारा। जबकि आत्मनिर्भर भारत ने नवाचार और निर्यात को प्रोत्साहित किया। जानकार बताते हैं कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र में हालिया वृद्धि (जैसे जुलाई 2025 में 5.4% और Q2 FY26 में मजबूत उत्पादन) के प्रमुख कारण मजबूत घरेलू मांग, नए ऑर्डरों का उछाल तथा जीएसटी दर कटौती रहे। क्षमता उपयोग 75% तक पहुंचा, जिससे 87% इकाइयों ने उच्च उत्पादन दर्ज किया। वहीं घरेलू मांग में बढ़ोतरी हुई। घरेलू बाजारों से ऑर्डर बुक में वृद्धि हुई, विशेषकर ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीन टूल्स और धातु क्षेत्रों में। 83% निर्माताओं को आने वाले महीनों में अधिक ऑर्डर की उम्मीद है। नीतिगत समर्थन जैसे- पीएलआई योजना, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत ने निवेश आकर्षित किया, जबकि 50% से अधिक इकाइयां क्षमता विस्तार की योजना बना रही हैं। वहीं बुनियादी ढांचा सुधारों ने लागत कम की। उत्पादन विस्तार यानी नए ऑर्डरों से इनपुट खरीद और कार्यबल वृद्धि हुई, जो पांच वर्षों की सबसे तेज वृद्धि दर्शाती है। वहीं निर्यात स्थिरता ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाई।

अर्थशास्त्री बताते हैं कि भारत के सेवा क्षेत्र में हालिया वृद्धि (जैसे जून 2025 में PMI 60.4 तक पहुंचना) के प्रमुख कारण घरेलू एवं निर्यात मांग में तेजी, नए ऑर्डरों का उछाल तथा डिजिटल सेवाओं का विस्तार रहे। कोविड के बाद वित्तीय, आईटी और प्रोफेशनल सेवाओं ने समग्र जीवीए वृद्धि को पीछे छोड़ा। मांग वृद्धि हुई।

घरेलू बाजारों के साथ एशिया, मध्य पूर्व एवं अमेरिका से निर्यात मांग में उल्लेखनीय तेजी आई, जो नए कारोबार को बढ़ावा दे रही।वहीं, आय स्तर बढ़ने से पर्यटन, ई-कॉमर्स, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन सेवाओं की मांग बढ़ी। डिजिटल परिवर्तन यथा-ऑनलाइन भुगतान, ई-कॉमर्स एवं उच्च तकनीक सेवाओं की ओर तेज संक्रमण ने उत्पादकता बढ़ाई। वहीं, नीतिगत सुधारों एवं बेहतर आधारभूत संरचना ने 55 जीडीपी योगदान को मजबूत किया। रोजगार एवं लागत लाभ बढ़े।लगातार 37 महीनों से रोजगार सृजन जारी रहा, जबकि इनपुट लागत 10 महीनों के निचले स्तर पर पहुंची।

**- कमलेश पांडे**

# वेदांता एल्युमिनियम का बड़ा सामाजिक कदम, 4,000 घंटे का संकल्प, लाखों चेहरे पर मुस्कान




**बालकोनगर** । अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम निर्माता कंपनी, वेदांता एल्युमिनियम ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी कर्मचारी-नेतृत्व वाली सामाजिक पहल की घोषणा की। इसके तहत कंपनी के 1,800 कर्मचारियों ने मिलकर 4,000 घंटे से अधिक समय समुदाय की सेवा में दिया, जिससे ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के 7 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ मिला।

यह पहल 'सामुदायिक विकास' के प्रति कंपनी की सोच को दिखाती है जो वेदांता एल्युमिनियम की कार्य-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कर्मचारी सिर्फ अपने काम तक सीमित नहीं रहते, बल्कि सामाजिक कार्य में भी सक्रिय रूप से योगदान देते हैं। वेदांता एल्युमिनियम अपने कर्मचारियों को स्वेच्छा से सेवा करने के लिए लगातार प्रेरित करती है। कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल से आगे बढ़कर स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पर्यावरण और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में कई बदलाव लाने वाली गतिविधियों का नेतृत्व किया। इसमें पेड़ लगाने, तालाबों की सफाई, बच्चों को पढ़ाना, युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर लगाना शामिल है। इन सभी प्रयासों से समाज पर लंबे समय तक सकारात्मक असर पड़ेगा।

वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ श्री राजीव कुमार ने कहा कि वेदांता एल्युमिनियम में हमारी जिम्मेदारी केवल अपने प्रचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि उन समुदाय तक भी है जहाँ हम काम करते हैं। अपने प्रचालन क्षेत्र के आसपास हमारा प्रयास रहता है कि हम वहाँ सकारात्मक और स्थायी बदलाव ला सकें। इस वर्ष हमारे कर्मचारियों और सहयोगियों ने बड़े स्तर पर सेवा कार्यों में भाग लिया है। हमारे कर्मचारियों द्वारा दिए गए लगभग 4,000 घंटे का सेवा योगदान उनके समर्पण, सामाजिक संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

कंपनी की कई पहल राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही हैं।

छत्तीसगढ़ के कोरबा में आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित महिलाएँ अब विभिन्न प्रदर्शनियों में अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं, जिससे स्थानीय कौशल छोटे व्यवसायों में बदल रहे हैं। ओडिशा के लांजीगढ़ में खेल प्रशिक्षण से युवा तीरंदाज़ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। वहीं पारंपरिक सौरा और ढोकरा कला को फिर से बढ़ावा मिला है, जिससे कारीगरों को नए बाजार मिल रहे हैं। ओडिशा और छत्तीसगढ़ में लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य शिविर से हज़ारों लोगों को बीमारी संबंधी स्वास्थ्य सेवाएँ और जागरूकता मिली है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में स्कूलों में डिजिटल शिक्षा और लैब शुरू की गई हैं। इन सभी कार्यक्रमों की मदद से कंपनी ने अपने प्रचालन वाले क्षेत्रों में समग्र विकास को आगे बढ़ाया है। निरंतर सामुदायिक विकास कार्यों के माध्यम से वेदांता एल्युमिनियम समुदाय के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत कर रहा है। शुरुआत में कुछ व्यक्तियों द्वारा की गई सेवा थी, वह अब पूरे वर्ष चलने वाले मुहिम में बदल गई है, जिसमें सभी मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं। कंपनी का यह प्रयास यह सुनिश्चित कर रहा है कि विकास की रोशनी हर उस क्षेत्र तक पहुँचे, जहाँ वह काम करती है।

## भाटापारा मंडी में अधिकारी कर्मचारियों के अनेक पद रिक्त होने से कार्य प्रभावित हो रहे हैं




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी भाटापारा में पिछले कुछ समय से पर्याप्त अधिकारी कर्मचारियों का स्टॉफ न होने से कार्य प्रभावित हो रहा है जबकि प्रदेश के अनेक कृषि उपज मंडी में जहां कारोबार शुन्य की स्थिति में है वहा पर अनावश्यक रूप से कर्मचारी अधिकारी केवल वेतन प्राप्त कर कृषि मंडी बोर्ड पर बोझ प्रतित हो रहे है जनहित में भाटापारा कृ षि उपज मंडी में रिक्त तमाम पदों को भरने के लिए प्रशासन व मंडी बोर्ड के उच्च अधिकारी शीघ्र पहल करे ताकि कृषि उपज मंडी में कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके वर्तमान में भाटापारा मंडी में मंडी इंस्पेक्टर के दो पद रिक्त है वही सब इंस्पेक्टर के एक पद रिक्त है इसी तरह लिपिक वर्ग तीन के तीन पद रिक्त है सहायक लिपीक वर्ग दो के दोनो पद रिक्त पड़े हुए है वही सहायक ग्रेड वन के दोनो पद खाली पड़े हुए है इसी तरह मंडी प्रांगण में चपरासी जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने वाले पद भी खाली है वर्तमान में मंडी में चपरासी के तीन पद रिक्त है इस तरह प्राय- प्राय- मंडी के सभी विभागो में पद रिक्त होने से कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है जिसे शीघ्र ही भरने की दिशा में शासन प्रशासन ध्यान देवे ।

जिले में एसआईआर प्रगति रिपोर्ट

## जिले में एसआईआर कार्य तेज़ी से पूर्णता की ओर, लगभग सभी पैरामीटर 100% के करीब

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया







**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा के सतत निगरानी, निरीक्षण एवं मार्गदर्शन मे जिले में एसआईआर कार्य की प्रगति उल्लेखनीय रही है। नवीनतम ऐसी वाइज एसआईआर स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों—नवागढ़, बेमेतरा और साजा—में बीएलओ प्रशिक्षण, फॉर्म प्रिंटिंग, वितरण से लेकर डिजिटाइजेशन तक सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक जिले में कुल 870 बीएलओ नियुक्त हैं और सभी का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है, जिससे कार्य को गति मिली है। जिले के कुल 8,01,756 मतदाताओं के लिए आवश्यक सभी इलेक्ट्रोर फॉर्म का 100 प्रतिशत प्रिंटिंग कार्य पूरा हो चुका है। वितरण का आंकड़ा भी लगभग सौ फीसदी तक पहुँच चुका है, जहाँ अब तक 8,01,755 फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। डिजिटाइजेशन कार्य में भी जिला बेमेतरा प्रदेश में अग्रणी स्थिति में है। कुल 8,01,751 फॉर्म का डिजिटलीकरण पूरा होने के साथ यह आंकड़ा भी 100 प्रतिशत के निकट पहुँच गया है। मतदान केंद्र स्तर पर किए जा रहे मूल्यांकन में 859 केंद्रों ने 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण कर लिया है, जबकि सिर्फ 3 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहाँ 99–99.99 प्रतिशत कार्य शेष है और इसे भी शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। मतदाताओं द्वारा जमा किए गए फॉर्म की संख्या 62 है तथा जिले में कोई भी फॉर्म असंग्रहित नहीं है, जो दर्शाता है कि बीएलओ और क्षेत्रीय टीमों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान प्रभावी रहा है। एसआईआर कार्यों की यह स्थिति बताती है कि जिला प्रशासन, बीएलओ और निर्वाचन टीम ने समन्वय बनाकर तेज़ी और दक्षता से कार्य किया है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगभग सभी पैरामीटर तय लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त हो चुके हैं, जिससे बेमेतरा जिला आगामी निर्वाचन तैयारी में एक मजबूत और व्यवस्थित स्थिति में खड़ा है।

# तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शिक्षक विदाई तथा प्रतिभा सम्मान संकुल केन्द्र सिंगारपुर में सम्पन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** संकुल केन्द्र सिंगारपुर मे तीन दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ संविधान दिवस के दिन संकुल समन्वयक श्री वीरेन्द्र कुमार बंजारे ने संकुल के 800 बच्चों के साथ संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर किया और यह बताया कि इसमे समता स्वतंत्रा,बंधुत्व, सामाजिक ,आर्थिक,एवं राजनैतिक न्याय तथा जीवन से लेकर मृत्यु तक के सभी के अधिकार एवं कर्तव्य लिखे हुए है तथा भारत का संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और लिखित संविधान है इस कार्यक्रम को तीन स्तर मे बांटा गया था छतीसगढ़ की रजत जयंती ,जनजातीय गौरव, तथा भारत का संविधान दिवस, यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण इसलिए था क्योंकि संकुल केन्द्र सिंगारपुर से दो प्रधान पाठक सेवानिवृत हुए श्री दुखित राम साहू एवं श्री बालक दास साहू दोनों शिक्षकों का भव्य विदाई सह सम्मान किया गया जिसमे संकुल केन्द्र सिंगारपुर के सभी शिक्षकों ने शाल ,श्रीफल ट्रॉली बैग,सफारी कपड़ा,अशोक पौधा तथा भारत का संविधान देकर सम्मानित किया इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर ,शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लेवई ,शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जरहागाँव, शासकीय प्राथमिक शाला सिंगारपुर ,शासकीय प्राथमिक शाला ई का सिंगारपुर ,शासकीय प्राथमिक शाला लेवई ,शासकीय प्राथमिक शाला जरहागाँव एवं शाश्वत लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल सिंगारपुर ,संकुल केन्द्र सिंगारपुर अंतर्गत चार पूर्व माध्यमिक चार प्राथमिक विद्यालय द्वारा आयोजन सम्पन्न हुआ खेल मे





शिक्षक ,पालक, छात्र / छात्राए पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता मे कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 वी तक बच्चों को खेल मे शामिल होने के लिए उनके उम्र के अनुसार खेल रखे गये जिसमे कुर्सी दौड़, फुगड़ी, चम्मच दौड़, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रस्साकसी, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो - खो, कबड्डी, इस प्रतियोगिता मे बालक वर्ग सामूहिक कबड्डी मे शासकीय पूर्व माध्यमिक सिंगारपुर विजेता और खो - खो मे उपविजेता रहा बालिका वर्ग कबड्डी और खो-खो पूर्व माध्यमिक शाला लेवई विजेता व उपविजेता पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर रहे रस्साकसी पूर्व माध्यमिक विभाग बालक वर्ग मे शाश्वत लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल विजेता प्राथमिक विभाग खो-खो बालक बालिका दोनों वर्ग मे विजेता रहे प्राथमिक वर्ग बालक खो - खो जरहागाँव विजेता एवं फुगड़ी मे उपविजेता तथा विजेता रहे प्राथमिक शाला लेवई गोला फेंक पूर्व माध्यमिक विभाग बालक वर्ग मे पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर विजेता उपविजेता माध्यमिक शाला लेवई ,100,200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग प्राथमिक माध्यमिक एवं विभाग मे रीतिका प्रथम, द्वीतीय मासूम माध्यमिक शाला लेवई रस्साकसी पूर्व माध्यमिक विभाग बालिका वर्ग विजेता पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर उपविजेता माध्यमिक शाला लेवई रहे बालक वर्ग रस्साकसी शाश्वत लिटिल स्टार प्रथम रहे सभी विजयी बच्चों को मेडल ,ट्राफी देकर पुरुषकृत किया साथ ही बेस्ट क्रीड़ा शिक्षक का सम्मान श्री फिरोज टंडन को, बेस्ट कबड्डी एम्पायर का सम्मान श्री अश्वनी कुमार वर्मा को ,बेस्ट प्रधान पाठक का सम्मान श्रीमती सीमा साहू को , बेस्ट टेक्निकल एक्सपर्ट का सम्मान श्री ढालेन्द्र साहू को, बेस्ट खो-खो एम्पायर श्री सोनचंद ध्रुव को , बेस्ट कबड्डी एम्पायर का सम्मान श्री भोला राम ध्रुव ,बेस्ट पी टी आई शिक्षक का सम्मान श्री ऋषभ सिंह चौहान एवं संकुल केन्द्र सिंगारपुर मे अकेले अशासकीय विडद्यालय शाश्वत लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल सिंगारपुर को इस प्रतियोगिता मे शामिल होने पर प्राचार्य अंजली वर्मा को सम्मानित किया गया साथ ही कक्षा 5 वी,8 वी,10 वी,12 वी के प्रतिभावान बच्चे जिन्होंने सत्र 2024 - 25 के बोर्ड परीक्षा मे प्रथम,द्वितीय स्थान प्राप्त किए धनेश्वरी देवांगन 93%,स्वाती जांगड़े 92%,निशा देवांगन 90त,मानसी देवांगन 90%,लक्ष्मी बंजारे 90%,देवकुमारी 89%,चाँदनी साहू 87%,लक्ष्मी 85%,योगेश्वरी वर्मा 83%,यामिनी वर्मा82%,टिकेश्वरी चक्रधारी 88%,खुशी85%,काजल घृतलहरे 87%,भारती साहू 93%,गंगोत्री कुम्हार 93% प्रतिभा देवांगन 88%,शालू यदु 87%,दुर्गा यादव 85% तुषार कुर्रे 84%, समीर मनहरे संकुल केन्द्र सिंगारपुर से राज्य स्तरीय कराटे मे स्वर्ण पदक जीतने पर मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं फाइल देकर सम्मान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य संजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी भाटापारा भास्कर चंद देवांगन ,श्रीमती माधुरी योगेश कोशले सभापति ज. पं.भाटापारा इतवारी जांगड़े अध्ययक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर,श्री सुंदर लाल साहू जनपद सदस्य सिंगारपुर,श्री कनक मनहरे सरपंच ग्राम पंचायत सिंगारपुर,श्री शंकर सोनी वरिष्ट पत्रकार एवं आशीष ज्वेलर्स सिंगारपुर ,सरपंच ग्राम पंचायत लेवई ,ग्राम पंचायत सिंगारपुर के पंच श्री गौरीशंकर चक्रधारी एस एम सी सदस्य श्री सुनील यदु,श्री तेज राम जांगड़े एवं पूरे पंचायत के पंचगण तथा सभी संकुल केन्द्र सिंगारपुर के शिक्षक अपनी गरिमामयी उपस्थिति व सहयोग प्रदान किए श्री फिरोज टंडन श्री प्रमोद कुमार सोनी , श्री रूपेश कुमार मार्कण्डे,श्री राजेश्वर राव काले , श्री रामसिंह रात्रे,श्री संतोष कुमार वर्मा, श्रीमती मंजू बंजारे ,श्रीमती प्रीति साहू ,श्रीमती ललिता वर्मा, श्रीमती गीता ध्रुव, श्री शेखर वर्मा, गणेश साहू, जगदीश साहू, श्री अश्वनी वर्मा, श्री नीलकंठ वर्मा श्रीमती उर्मिला टंडन, श्रीमती सरिता ध्रुव, श्रीमती मोनिका वर्मा, श्रीमती शीला साहू, श्रीमती किरण वर्मा , श्रीमती दीप्ति वर्मा, श्रीमती डॉली साहू , श्रीमती दीक्षा उईके , श्रीमती अमृता अग्रवाल, श्रीमती मनिषा ठाकुर, श्रीमती विनय साहू, श्रीमती रानी रानी साहू ,श्रीमती निर्मला पटेल, श्रीमती शिव कुमारी साहू श्रीमती अन्नपूर्ण गर्ग, श्री विवेक कटकवार,श्री हितेश कुमार वर्मा , श्री राम नारायण पटेल,श्री लोकरम ध्रुव, श्री चेतेंद्र कुमार साहू श्रीमती सुनीता श्याम ,श्रीमती रेखा टंडन ,श्री रामप्रताप निषाद, श्री रामकुमार ध्रुव,श्रीमती शालिनी तिवारी श्रीमती सीमा वर्मा, श्रीमती सरिता पात्रे, श्रीमती भारती नाग, श्रीमती नीलकमल अग्रवाल, श्रीमती पूनम वर्मा, श्री केदारनाथ जायसवाल , श्री खेलावन साहू , श्री यादराम यादव , राधा कृष्णा स्व सहायता समूह श्रीमती मोमिन साहू जिसे बेस्ट रसोइया का सम्मान दिया गया, श्रीमती रुखमनी वैशणव, श्रीमती ओमबती यादव, श्रीमती रामफुल, श्रीमती मानकुंवर, श्रीमती राधिका यादव ,श्रीमती कामीन वर्मा, श्रीमती गायत्री ध्रुव,श्रीमती कुंती ध्रुव,श्रीमती उर्मिला बाई वर्मा, देवकी बाई साहू तथा ग्राम के पालक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# दिव्यांग बच्चों ने खेल स्पर्धाओं में दिखाया उत्साह

नरेंद्र कुमार सेन

**गरियाबंद।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद में दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद, रंगोली, चित्रकला एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री बीएस उइके ने सीटी बजाकर मटका फोड़ प्रतियोगिता के माध्यम से किया। कलेक्टर श्री उइके ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत-हार नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों




का सामना करने का अदम्य साहस ही सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं होते, वे समाज का सशक्त हिस्सा हैं और उनमें नैसर्गिक प्रतिभाएँ होती हैं, इसलिए वे समान रूप से हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने रंगोली, चित्रकला और साहित्यिक गतिविधियों का सपत्नीक अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद् गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल चंद्राकर, सुरेंद्र सोनटके तथा प्रशांत मणिकपुरी उपस्थित थे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे अपने मेहनत के दम पर आगे बढ़ सकते हैं, इन्हें सिर्फ उत्साह, अवसर और संबल की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएमसी शिवेश कुमार शुक्ला, एपीसी मनोज केला, विल्सन थॉमस, भूपेंद्र सोनी, योगेंद्र पटेल, बीआरसीसी छन्नूलाल सिन्हा, सभी बीआरपी और संकुल समन्वयकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम ने दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और उत्साह को नई दिशा देने का कार्य किया।

# कलेक्टर बी.एस. उइके ने धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

## परिवहन वाहनों के फोटो अपलोड,सही तौल, व्यवस्थित स्टेकिंग और बारदाना प्रबंधन को लेकर दिए सख्त निर्देश

नरेंद्र कुमार सेन



**गरियाबंद।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी, सुचारु एवं किसान-हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज नागाबुड़ा, परसुली, छुरा एवं चरौदा धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर चल रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उइके ने नागाबुड़ा केंद्र के समिति प्रबंधक को किसानों द्वारा धान परिवहन वाले वाहनों के लाइव फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने तथा शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान बोरे की गिनती, तौल एवं उठाव को निर्बाध रखने, व्यवस्थित ढंग से स्टेकिंग करने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। किसानों की सुविधा को देखते हुए समिति द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी की मात्रा बढ़ाने की मांग पर हेमालों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मिलों में बारदाना की गुणवत्ता की जांच के पश्चात ही उठाव करने, फटे एवं खराब बारदाना लौटाने और बारदाना की मात्रा पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पतला, मोटा एवं पान-सरना धान के अलग-अलग स्टेक बनाकर प्रत्येक स्टेक पर बोरियों की संख्या सहित स्पष्ट सूचना चस्पा करने को कहा। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र चरौदा में किसान गैंदलाल यादव से चर्चा कर उनके फसल के उत्पादन की स्थिति एवं केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने तौल में शुद्धता, संपूर्ण उपार्जित धान के विक्रय तथा कम पैदावार की स्थिति में बिक्री पश्चात रकबा समर्पण कर पोर्टल में एंट्री अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। बारदाना के उपलब्धता, रख-रखाव एवं एंट्री पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। जिन समितियों द्वारा पीडीएस दुकान का संचालन किया जा रहा है, वहां रिक्त बोरियों की एंट्री भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परसुली केंद्र पर गलत स्टेकिंग एवं स्थान की कमी एवं सीमितता को देखते हुए हेमालों में बढ़ोत्तरी और सही तौल के निर्देश दिए गए। वनोपज जांच केंद्र, चरौदा में अवैध धान परिवहन रोकने हेतु गठित टीम से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने वाहनों का पंजीयन, सतत निगरानी और नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएंगी तथा सभी केंद्रों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बरसात की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केंद्रों में भंडारित धान को सुरक्षित रखने हेतु पर्याप्त एवं गुणवत्तायुक्त त्रिपाल की उपलब्धता और उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कि धान को जमीन से ऊंचाई पर उचित ढंग से स्टेकिंग कर सुरक्षित रखा जाए, ताकि नमी एवं वर्षा कि स्थिति निर्मित होने पर क्षति न हो। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, उपसंचालक कृषि चंदन कुमार रॉय, जिला विपणन अधिकारी किशोर चंद्रा, सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त सुश्री महेश्वरी तिवारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कड़ार में सप्तशती संगम कार्यक्रम संपन्न

**भाटापारा।** सरस्वती शिशु मंदिर कड़ार में मातृय शक्तियों को आगे लाने के लिए सप्तशती संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कमला साहू, हिरामणि ध्रुव , गायत्री ध्रुव , अन्नपूर्णा वैष्णव ,संध्या साहू, लीला बाई वर्मा ,खेमीन बाई वर्मा , बसंती वर्मा , शंकुतला वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम के पश्चात आनंद मेला का आयोजन किया गया उक्ताशय की जानकारी सुरेश वर्मा ने दी है।



# विभिन्न स्कूलो में पूर्ण कालिक प्राचार्य पदस्थ

**भाटापारा।** राज्य शासन द्वारा स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न स्कूलो में सेवारत व्याख्याताओं को प्राचार्य पद पर पदोन्त किया है उसके बाद शहर के शासकीय ईतवारीराम हायर सेकण्डरी स्कूल में व्याख्याता के रूप में पदस्थ दिनेश शर्मा जो कि इसी स्कूल में प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदस्थ थे उन्हे प्राचार्य के रूप में पदस्थ करते हुए शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम देवरी के हायर सेकण्डरी स्कूल में प्राचार्य के रूप में पदस्थ किया गया है । इसी तरह भाटापारा के शासकीय ईतवारीराम यादव हायर सेकण्डरी स्कूल में प्राचार्य के रूप में अर्चना वर्मा को पदस्थ किया गया है इसी प्रकार हायर सेकण्डरी स्कूल तरेंगा के प्राचार्य के रूप में जीपी वर्मा को पदस्थ किया गया है भाटापारा शहर के रामसागर वार्ड हायर सेकण्डरी स्कूल में लक्ष्मी यदु प्राचार्य के रूप में नियुक्त हुई है प्रदीप अग्रवाल को शासकीय हाई स्कूल बोड़तरा का प्राचार्य बनाया गया ज्योतिष राम वर्मा को ग्राम दतरेंगी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्राचार्य बनाया गया है , कोसमंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शत्रुहन लाल ध्रुव तथा ग्राम कोदवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राधेश्याम ध्रुव को प्राचार्य पदस्थ किया गया है। इस तरह शासन द्वारा प्राचार्य पद पर अनेक व्याख्याताओं को प्रमोशन प्रदान किया गया है।

# चौथी लाईन कनेक्टिविटी के कारण जेडी बिलासपुर तक चलेगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा बाराद्वार रेल्वे स्टेशन में चौथी लाईन कनेक्टिविटी का कार्य कराये जाने के कारण अनेक यात्री ट्रेनो को रद्द किया गया है इसके तहत आगामी 8 दिसंबर दिन सोमवार से 13 दिसंबर दिन शनिवार तक अनेक ट्रेन का संचालन प्रभावित होगा दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के हावड़ा मुंबई मुख्य मार्ग पर झारसुगड़ा रेल्वे जंक्शन से लेकर बिलासपुर रेल्वे जंक्शन तक चौथी रेल्वे लाईन का कार्य दुरत गति से किया जा रहा है इस कारण चांपा रेल्वे स्टेशन , खरसिया रेल्वे स्टेशन व बाराद्वारा रेल्वे स्टेशन के बीच चौथी लाईन कनेक्टिविटी कार्य किये जाने के फलस्वरूप गोंदिया से चलने वाली ट्रेन क्रमांक 68861 गोंदिया झारसुगड़ा जेडी पैसेंजर बिलासपुर से आगे नही जा पायेगी जिसके कारण आगामी 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक गोंदिया झारसुगड़ा जेडी पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त किया जायेगा उक्त ट्रेन बिलासपुर से झारसुगड़ा के बीच रद्द रहेगी इसी तरह 9 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक झारसुगड़ा से चलने वाली ट्रेन क्रमांक 68862 , झारसुगड़ा गोदिंया जेडी पैसेंजर ट्रेन झारसुगड़ा से बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी उक्त ट्रेन क्रमांक 68862 झारसुगड़ा के बजाय बिलासपुर रेल्वे जंक्शन से प्रारंभ होकर भाटापारा रायपुर , दुर्ग , राजनांदगांव , डोगरगढ के रास्ते से गोदिंया जायेगी ।

# गुप्ता स्वीट्स के संचालक के ऊपर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा।** नगर के गुप्ता स्वीट्स के संचालक पर हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसके पास से 1 हजार रूपयें लुटे हुए रकम को भी बरामद किया गया है। आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गंभीर चोट पहुंचाते हुए 5000 लूट कर फरार हो गया था। आहत के रिश्तेदार से शादी का प्रस्ताव टूटने से नाराज होकर आरोपी द्वारा लूट एवं मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था एसडीओपी तारेश साहू से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी सुनील गुप्ता उम्र 55 साल निवासी सदर वार्ड द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23 अक्टुबर को रात्रि करीबन 9ः40 बजे वह अपनी दुकान को बंद कर रहा था तभी आरोपी विवेक गुप्ता उर्फ़ गोपाल एवं उसका एक साथी प्रार्थी के पास पैदल आये एवं आरोपियों द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर उसके चेहरे पर वार किया गया जिससे प्रार्थी के चश्मे का कांच टूट गया और नाक के पास चोंटे आई। फिर विवेक गुप्ता द्वारा प्रार्थी की कमीज के जेब में हाथ डालकर उसे फाड़ दिया तथा उसमें रखे 5000 को लूट लिया गया। प्रार्थी द्वारा बीच बचाव करने के लिए आवाज लगाया गया, जिससे आसपास के व्यवसायी एवं अन्य लोग वहां पर आए जिससे दोनों आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गए। प्रार्थीकी रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में धारा 309(6), 296 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी विवेक गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में एक आरोपी फरार है, जिसकी सर गर्मी से पता तलाश की जा रही है।



# निधन - खुशी शर्मा



**भाटापारा।** नयापारा वार्ड निवासी खुशी शर्मा का दुखद निधन मेकाहारा हॉस्पिटल रायपुर में इलाज के दौरान हो गया वे सुनील शर्मा की पुत्री एवं अशोक पाण्डेय,महेश शर्मा,राजकुमार शर्मा की भतीजी थी उनकी अंतिम यात्रा 4 दिसंबर को प्रातः 10 बजे नयापारा वार्ड निज निवास से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए रवाना होगी।

# श्री रामकृष्ण गौशाला में 8 से वेदलक्षणा गौ महिमा कथा का आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** स्थानीय श्री रामकृष्ण गौशाला में 8 से 14 दिसंबर तक वेदलक्षणा गौ महिमा कथा का आयोजन किया गया है। कथाव्यास आचार्य श्री बालकृष्ण शरण जी महाराज (वृंदावन धाम) होंगे। कलशयात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजन की सारी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। महाराज जी ने बताया कि धार्मिक आयोजन



कलशयात्रा से ही प्रारंभ करना चाहिए। कलशयात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु, महेश के साथ 33 करोड़ देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा को ईश्वर पवित्र निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। समिति के सदस्य कथा की तैयारी में लगे हुए हैं। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा वेद लक्षणा गौ महिमा कथा आयोजन में नगरवासियों क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की गयी है।

# ग्राम माचाभाट में ठेठवार समाज युवा प्रकोष्ठ का गठन

**भाटापारा।** ग्राम माचाभाट मे समाज को संगठित करने एवं समाज के विकास मे युवा की सहभागिता हेतु सरपंच परमेश्वर यदु तरेंगा राज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष एवं तरेंगा राज कोषाध्यक्ष राजेश यदु के नेतृत्व मे युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया इस कार्यक्रम मे उपस्थिति समाज प्रमुख ठेठवार समाज आठो राज महासभा के अध्यक्ष पुहूपराम यदु , तरेंगा राज अध्यक्ष कैलाश यदु , सुरेश यदु , सचिव सूखदेव यदु , युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष हीरामणी यदु सह सचिव चेतन यदु सहित सभी समाज प्रमुखो द्वारा ग्राम माचाभाट मे ठेठवार समाज युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया



जिसमे चुने गये पद मे युवा अध्यक्ष – चंद्रकांत यदु ,उपाध्यक्ष – रामकृष्ण यदु ,सचिव- दिलेश यदु ,कोषाध्यक्ष – त्रिभुवन यदु ,सह सचिव –बीरबल यदु ,संरक्षक राजेश यदु ,निर्देशक परमेश्वर यदु सयुंक्त निर्देशक रामचरण यदु , व्यवस्था प्रमुख दिलहरण यदु , मनीष यदु , प्रचार प्रसार , लक्ष्मी नारायण यदु , शिवम यदु , सदस्य मे समस्त युवा ग्राम माचाभाट कमल यदु राजेश्वर यदु भूपेंद्र यदु , बीजे यदु , धनेश्वर यदु , लोमेश यदु , टिकेंद्र यदु , रवि यदु , भुनेश्वर यदु , सूर्यकान्त यदु , लोकेश यदु सहित अन्य लोग उपस्थि थे।

# संत कबीर के विचार आज भी प्रासंगिक - शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने संतमाता कर्मा वार्ड में मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वहां उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहां कि संत कबीर दास के बताये रास्ते पर चलकर समाज को आगे बढाने की दिशा में कार्य किये जाने की जरूरत है उन्होने कहां कि कबीर दास ने लोगो के सत्य के मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया उनके विचार आज भी प्रासंगिक है और समाज के साथ साथ हर एक लोगो को उनके विचार का अनुसरण करते हुए समाज ,राष्ट ,



परिवार को आगे बढाने की दिशा में हमे नेक विचारों के साथ काम करने की जरूरत है उपरोक्त अवसर पर मानिकपुरी पनिका समाज के महिला पुरूष व समाजिक जन बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

# दतरेंगी स्कूल में आनंद मेला का कार्यक्रम संपन्न

**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम दतरेंगी शहीद संतोष सिंह ध्रुव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत के सभापति श्रीकांत जयसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे । उक्त अवसर पर जयसवाल ने आयोजन की प्रशंसा की गांव के विद्यालय स्तर पर आयोजित इस आनंद मेले में छात्र-छात्राओ ने तरह-तरह के व्यंजन बनाकर बिक्री किया ।आयोजन का उद्देश्य बच्चों में



रचनात्मकता,व्यवसायिक कौशल और सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं कार्यक्रम में प्राचार्य वर्मा शिक्षक-शिक्षिका शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यो के साथ खुमान सिंह वर्मा, प्यारेलाल रजक ,अनिल हरप्रसाद वर्मा,देवप्रसाद साहू, खेतहार जायसवाल, विजय वर्मा, दुखरण वैष्णव, सुरेश वर्मा सहित स्कूली बच्चों व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# टेसूलाल धुरंधर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बनें

रायपुर। नाम- टेसूलाल धुरंधर

जन्मतिथि..01.06.1962

जन्मस्थान, जारा

शिक्षा..एम ए,एम फिल (प्रावीण्यता के साथ).. स्वैच्छिक सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, पूर्व माध्य. शाला..



निवास..वार्ड नंबर 04, बलौदाबाजार

आप प्रथम वर्ष शिक्षित,बाल स्वयंसेवक हैं..

आप प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग में डिप्लोमा हैं.. योग के स्टेट ट्रेनर रहे हैं, अनेक योग शिविरों का संचालन कर चुके हैं..निन्शुल्क योग क्लास का वर्षों तक संचालित करते रहे हैं..

आप शिक्षकों के विकासखण्ड से प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षणों का मास्टर ट्रेनर रहे हैं..

आप जीवन विद्या दर्शन के प्रबोधक हैं..

आप छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के विकास खंड/तहसील इकाई पलारी के अध्यक्ष, संयुक्त रायपुर जिला के उपाध्यक्ष ,जिलाध्यक्ष, प्रांतीय मंत्री, संभागीय संगठन मंत्री व प्रांतीय संगठन मंत्री के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं..

आप पूर्व में कर्मचारी/अधिकारी फेडरेशन जिला बलौदाबाजार के प्रथम जिला संयोजक के दायित्व का वर्षों तक दायित्व निभाया है..

आप गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पं श्री राम शर्मा से दीक्षित गायत्री साधक व स्वयंसेवक कार्यकर्ता हैं..

आप कबीरपंथ समाज जिला बलौदाबाजार –भाटापारा के जिला संयोजक हैं..

आप जिला बलौदाबाजार के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवनी लेखन समिति के जिला संयोजक का काम करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनी का लेखन व प्रकाशन करवा चुके हैं..

5आप डीव्हीएम में केवल शिक्षकों के प्रदेश स्तरीय विशेष प्राथमिक वर्ग के संयोजक व प्रबंधक रहे हैं..

आप शिक्षक सृजन मंच जिला बलौदाबाजार का गठन कर फ्री नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कोचिंग, अंग्रेजी कोचिंग व विश्वस्तरीय स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र में बलौदाबाजार जिला का नाम पूरे संसार में रोशन किया है,

आप नागरिक सेवा समिति बलौदाबाजार के फाउंडर मेंबर व प्रथम महामंत्री रहे हैं

आप बलौदाबाजार सर्व समाज समिति के कोषाध्यक्ष का निर्वहन कर चुके हैं,

आप पूर्व में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नैतिक एवं मूल्य शिक्षा के के प्रदेश प्रभारी, युवा संगठन में प्रदेश संगठन मंत्री,संयुक्त पलारी राज के विवाह प्रभारी, संरक्षक पलारी राज,राज्यमंत्री व वि खं इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं..

आप वर्तमान में छ ग योग प्रशिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष, कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष, संरक्षक बलौदाबाजार राज,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं..

आप 2018 के विधानसभा चुनाव में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर भाजपा विधायक प्रत्याशी बलौदाबाजार रह चुके हैं..

आप अभी भाजपा में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं..

आप भारत माता सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष हैं तथा इस मंच के माध्यम से समाजसेवा के विविध कार्यों का निरंतर संपादन कर रहे हैं।

# दुर्ग-बालोद सीमा पर सक्रिय हुए लकड़ी कोचिया

## भोले किसानों को ठगकर पेड़ों की कटाई, मोटे दाम में बेचकर पर्यावरण को बड़ा नुकसान

ब्यूरो चीफ रतन कुमार







**दुर्ग ।** दुर्ग और बालोद जिले की सीमा पर इन दिनों लकड़ी कोचियों की सरि यता तेजी से बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार ये कोचिया भोले-भाले किसानों को चकमा देकर उनके खेतों व बाड़ी में लगे पेड़ों का गलत तरीके से मूल्यांकन करते हैं।

मात्र कुछ सौ रुपये या बेहद कम दाम बताकर कोचिया किसानों को पेड़ कटवाने तैयार कर लेते हैं। बाद में इन्हीं पेड़ों को आराम मशीन तथा लकड़ी व्यापारियों को अच्छे-खासे दामों में बेच देते हैं। किसान को वास्तविक मूल्य का केवल एक हिस्सा मिलता है, जबकि कोचिया लाखों का फायदा उठा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध व्यापार से न सिर्फ किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से पर्यावरण पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। जंगल और हरियाली घटने से क्षेत्र में तापमान वृद्धि, जमीन की नमी में कमी और वन्यजीवों के निवास पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे फर्जी लकड़ी कोचियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, खेतों में पेड़ कटाई के नियमों की कड़ाई से जांच हो और किसानों को जागरूक किया जाए ताकि वे ठगी का शिकार न हों।

# तहसील कार्यालय के पीछे गंदगी का अंबार

## स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** एक ओर जहाँ स्वच्छ भारत अभियान के तहत शासन, प्रशासन द्वारा आम जनता को साफ-सफाई के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी खुद अपने कार्यालय परिसर की स्वच्छता पर ध्यान न देकर अभियान को ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। तहसील कार्यालय थानखम्हरिया के पीछे का दृश्य इस लापरवाही की स्पष्ट तस्वीर पेश करता है, जहाँ लंबे समय से गंदगी का ढेर है। यहाँ वेस्टेज कागज, चाय के गिलास, घासफूस और कचरे का अम्बार जमा हुआ है। इसी गंदगी से भरे क्षेत्र में बने सेप्टिक टैंक में पिछले दिनों एक गाय की मौत भी हो चुकी है। इस पीड़ादायी घटना के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आवाज उठाई जिसके बाद मृत गाय को बाहर निकाला गया। गौरक्षा से जुड़े लोगों ने चक्काजाम भी किया तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इन सबके बावजूद सफाई व्यवस्था में सुधार के नाम पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों का कहना है कि "जब अधिकारी खुद अपने कार्यालय में स्वच्छता नहीं रख पा रहे हैं तो आम जनता उनसे कैसे प्रेरित होगी " प्रशासन के इस व्यवहार से लोगों में नाराजगी और निराशा दोनों देखने को मिल रही है। इसी भवन में सप्ताह में दो दिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का लिंक कार्यालय भी लगता है। इससे स्पष्ट है कि उच्चाधिकारियों का निरीक्षण भी कारगर नहीं है।



जब इस गंदगी के ढेर की ओर तहसीलदार का ध्यान आकृष्ट कराया गया, तो उन्होंने बताया कि "फिलहाल नालियों और अन्य सफाई की ड्यूटी कोटवारों को दी गई है। उनके दो-चार दिन में लौटते ही सफाई अभियान चलाकर परिसर को साफ कराया जाएगा। नगर पंचायत सीएमओ को भी इसकी सूचना दे दी गई है।"

# अवैध अतिक्रमण पर निगम की बेदखली कार्यवाही

ब्यूरो चीफ रतन कुमार



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 मदर टेरेसा नगर केम्प 2 वार्ड क्रं. 33 संतोषी पारा में समृद्धि बाजार पर हुए अवैध कब्जे पर निगम को मिली शिकायत के आधार पर बेदखली की कार्यवाही की गई। अवैध कब्जा की शिकायत वार्ड पार्षद श्रीमती एन. शैलजा द्वारा की गई थी। इस भूमि का स्वामित्व विलोचन साव द्वारा खुद का बताया जा रहा था। परन्तु आज दिनांक तक भू-स्वामित्व कहने वाले कथित व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज निगम को प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतिक्रमणधारियों को स्वयं से अवैध कब्जा हटाने पूर्व में सूचना पत्र जारी किया गया था। किन्तु आज दिनांक 03.12.2025 तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, जिसे देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण धारियों को मौके से बेदखल करने की कार्यवाही की गई। वार्ड 33 संतोषी पारा में स्थित पुराने समृद्धि बाजार के स्थल को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पीएम आवास बनाने के लिए चिन्हांकित किया गया है। आगामी समय में शासन को प्रस्ताव भेजा जाना है, स्वीकृति पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता अपने टीम के साथ उपस्थित रहे।



# सिद्धार्थ ज़ेई पुलिस के चंगुल में फसा

## म्यूल अकाउंट पर पुलिस का एक्शन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** चाकू बाजी व अन्य अपराधिक घटनाओं में चर्चित हो रहे भाटापारा शहर में पुलिस ने म्यूल अकाउंट पर कार्यवाही करते हुए सिद्धार्थ जेई नामक युवक को पकड़ा है उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के इंडियन साईबर क्राईम कोआर्डिनेशन सेंटर से संचालित समन्वय पोर्टल ने कुछ दिन पूर्व संपूर्ण देश भर में संदिग्ध विभिन्न बैंक खातो का एक डेटा अलर्ट जारी किया था उक्त जारी डेटा अलर्ट में भाटापारा के नयागंज वार्ड निवासी सिद्धार्थ ज़ेई का नाम उभरकर सामने आया सिद्धार्थ जेई के नाम से भाटापारा स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में जेई द्वारा खोले गये खाते में अनेक बार ऐसे लेन - देन हुए जो साईबर फ्रॉड से संबद्ध पाये गये है उसके खाते से जुड़े ट्रांजेक्शन लोकेशन की जांच पुलिस ने करते हुए पैटर्न के आधार पर उसको हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिसमें सिद्धार्थ जेई टुट गया और उसने अपने बयान में पुलिस को बताया कि सितंबर माह 2024 में उसे एक अंजान मोबाईल नंबर से फोन आया था जिसमें कॉल करने वाले ने सिद्धार्थ जेई से कहा कि अगर तुम अपना बैंक खाता खुलवाकर दे दो गे तो तुम्हे अच्छा रकम कमाई के तौर पर मिल सकेगा इस बात से सिद्धार्थ जेई पैसे कमाने की धुन में साईबर अपराधियों के चंगुल में फस गया और सिद्धार्थ जेई ने अपने बैंक पासबुक एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज दुसरों को थमा दिया जिसके बदले में सिद्धार्थ जेई को फोन पे के जरिये 10 हजार रूपयें प्राप्त हुए पुलिस का कहना है कि कानुन की नजर मे सिद्धार्थ जेई का कृत्य अपराधिक घटनाओं की श्रेणी में आता है और जेई ने अपने ही बैंक खाते को साईबर अपराधियों को किराये पर देकर म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग करा रहा था। जेई के खाते में ऑनलाईन धोखधड़ी से करीब 90 हजार 6 सौ 96 रूपयें की संदिग्ध राशि लेनदेन करने के मामले में पुलिस ने सिद्धार्थ जेई के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया है। बताया जाता है कि ऑनलाईन वित्तीय धोखाधड़ी और म्यूल अकाउंट के प्रकरण में अब तक भाटापारा थाना क्षेत्र में 12 मामले पंजीबद्ध हो चुके है और उक्त मामलों में पुलिस ने 14 आरोपीयों को अब तक कानूनी शिकंजे में लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है उपरोक्त प्रकरण में मास्टर माईंड अपराधी तक पहुंचने के लिए डिजिटल फुट प्रिंट , बैकिंग डेटा व कॉल रिकॉर्ड की जांच करने में पुलिस व साईबर सेल के लोग जुटे हुए है । साईबर सेल के अधिकारियों का कहना है कि म्यूल अकाउंट एक ऐसा बैंक खाता है जिसे कोई व्यक्ति खुद प्रारंभ करता है लेकिन उसका पुरा नियंत्रण किसी और के पास होता है इसका इस्तेमाल फ्रॉड की रकम प्राप्त करने तथा छोटे - छोटे खातों में रकम को ट्रांसफर कर आरोपी अपनी पहचान छुपाने के लिए करता है और बैंक के मुल खाता धारक को सामान्य तौर पर 5 से 10 हजार रूपयें बतौर कमीशन देकर अपना काम करते रहता है भाटापारा के सिद्धार्थ जेई ने खुद अपना बैंक खाता और जरूरी दस्तावेज दुसरो को दे दिये थे पुलिस को समन्वय पोर्टल से उक्त जानकारी सिद्धार्थ जेई के सबंध में मिली जिसपर त्वरित कार्यवाही की गई है। किसी भी व्यक्ति का अपना किसी भी बैंक अकाउंट , केवाईसी दस्तावेज या एटीएम कार्ड किसी अन्य को नही देने की अपील पुलिस ने की है बहरहाल सिद्धार्थ जेई के आरोपी बनने के बाद उसके बैंक ट्रांजेक्शन रूपयों के स्त्रोत तथा जुड़े हुए मोबाईल नंबर की जांच की जा रही है खासकर किस मोबाईल नंबर के संपर्क के बाद किस यूपीआई आईडी से 10 हजार रूपये सिद्धार्थ जेई के खाते में आये तथा उसके खाते में जेजे गये 90 हजार 6 सौ 96 रूपयें किस किस जुड़े इसकी सघन जांच पड़ताल की जा रही है।

## खोखली गांव के बायपास समीप तेज रफतार कार खेत में पलटी, चालक की मौत

**भाटापारा।** शहर से 2 किलोमीटर खोखली गांव बायपास मार्ग पर एक तेज रफतार कार का चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा फलस्वरूप उसकी कार सड़क किनारे खेत में जा पलटी बताया जाता है कि ठंड की वजह से व देर रात में उक्त हादसा होने की वजह से लोगो को इसकी जानकारी त्वरित तौर पर नही प्राप्त हो सकी । फलस्वरूप प्रातः आने जाने वाले गांव वासियों ने कार को खेत में पलटा



देख पुलिस को सूचना दी जिसपर घटना स्थल पर पुलिस ने पहुंचकर जाचं पड़ताल व पूछताछ शुरू की इस दौरान कार चालक जो कि मौके पर ही मृत अवस्था में पड़ा था उसकी शिनाख्त कार्य चालक गोवर्धन निवासी ग्राम पड़कीडीह के रूप में की गई है। उसके शव को पंचनामा के बाद पोस्ट मार्टम के लिए हॉस्पिटल जेज दिया है उपरोक्त दुर्घटना में एक और मृतक की शिनाख्त ओमेश्वर वर्मा ग्राम रावन के रूप में की गई है बहरहाल घटना की जांच में पुलिस जुटी हुई है । दुर्घटनाग्रस्त कार क्रमांग सीजी 04 एनएच 1231 है।

## कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होने निपनिया धनेली मोपका संग्रहण केंद्र पहुंचकर वहां की अब तक की स्थिति का जायजा लिया वही उन्होंने संबंधित केन्द्र प्रभारियों को सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी किसान का धान निर्धारित वजन से ज्यादा का तौल ना करे। इस दौरान अनेक किसानों ने अव्यवस्था को लेकर विधायक से शिकायत भी की। मोपका केंद्र पहुंच कर वहां की जा रही खरीदी का निरीक्षण किया। वहां उपस्थित किसानों से उन्होंने चर्चा करते हुए धान ब्रिक्री,तौल,भुगतान को लेकर उनकी बातों को गंभीरता से सुना विधायक ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में सुविधा ना मिलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ ना हो इस बात की जवाबदारी संबंधित केंद्र के प्रभारी की है। उन्होंने किसानों का धान तौलाई के समय हमालों के द्वारा किसानों से सुखत के नाम पर ज्यादा धान ना तौला जाए,इस बात को सभी व्यवस्थापक गंभीरता से ले। विदित हो कि गत सप्ताह धान खरीदी प्रारंभ होते ही विधायक ने सिमगा क्षेत्र के सोसायटियों का निरीक्षण किया था जहां उन्होंने किसानों को हो रही असुविधा के लिए नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से चर्चा की थी। विधायक साव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के धान को पूरा खरीदने से बचने के। लिए नए नए नियम लागू कर किसानों को परेशान कर रही है,उन्होंने कहा कि खुद का खेत,खुद की फसल उसके बाद आधार कार्ड का लोचा मंडियों में लगाकर सरकार की करनी और कथनी को उजागर करता है। निरीक्षण के दौरान जीतू ठाकुर,दिनेश तिवारी,हेमंत वर्मा, खोमेश साहू ,अनुप साहू, चुरावन साहू, महेश साहू, द्रुपत वर्मा, चेतन निषाद, योगेश पाल, सालिक साहू, मिलाप साहू, गेंदू ध्रुव, नोहर ध्रुव, डोमार ध्रुव, धाजाराम साहू, जलू जायसवाल, डिगेश जायसवाल, सरोज ध्रुव, लीलाराम यादव, मुकेश साहू, मन्नू लाल साहू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और किसान मौजूद थे।

## पवन यादव को जिला बदर किया गया

**भाटापारा।** पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न अपराधों में संलिप्त लोगो के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान में अनेक लोगो को पकड़ा गया है इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पवन यादव निवासी नयापारा वार्ड को जिला बदर के आदेश के बावजूद नयापारा वार्ड में घुमते हुए पाये जाने की सुचना पर पुलिस ने पवन यादव को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में



लिया। पवन यादव का कृत्य धारा 14 , 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कानूनी प्रक्रिया का उलंघन था अतः उसे धारा 3 , 5 ख 2023 में बिलासपुर , रायपुर , महासमुंद , मुंगेली , जांजगीर , शक्ति , बेमेतरा , सारंगढ , बिलाईगढ सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया था लेकिन वह जिला बदर किये जाने के आदेश का उलंघन कर शहर के नयापारा वार्ड में घुमते पाया गया जिसके कारण उसे फिर से पकड़कर न्यायिक रिमांड पर जेल जेजा गया है।

## विश्व एड्स दिवस पर कार्यशाला का आयोजन




भाटापारा। विश्व एड्स दिवस मनाए जाने के परिपेक्ष्य में खोखली स्थित कमला कांत इंस्टीट्यूट के फामेर्सी डिवीजन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी एड्स/ टीबी डॉ. राजेश अवस्थी के मार्गदर्शन में तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी के निर्देशन में एड्स जागरूकता कार्यशाला÷ का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा से डॉ. सौरभ वर्मा , आई सी टी सी कॉउंसलोर फरहत मिर्जा, चिराग एन जी ओ से दशोदी सिंह, सरोजनी देवांगन, इंस्टिट्यूट की प्रिंसिपल गायत्री देवांगन, हेमंत , बृजमोहन , पूनम , नेहा , उर्वशी , गौरव , दिग्विजय व फामेर्सी के स्टूडेंट्स शामिल हुए।

# कलेक्टर गाइडलाइन की अव्यावहारिक वृद्धि पर सांसद बृजमोहन का प्रहार, मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल स्थगन की मांग

## किसान, व्यापारी, मध्यम वर्ग की आवाज बने सांसद बृजमोहन; गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी को बताया जनविरोधी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जनता के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार फिर अपनी दृढ़, संवेदनशील और जननायक शैली का परिचय दिया है। प्रदेश में भूमि खरीदी-बिक्री के लिए कलेक्टर गाइडलाइन दरों में 100 से 800 प्रतिशत तक की वृद्धि पर आपत्ति जताते हुए, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को विस्तृत पत्र लिखकर इस निर्णय को तत्काल स्थगित कर पुनर्विचार करने की मांग की है। अपने पत्र में अग्रवाल ने लिखा है कि, प्रदेश में बिना किसी जन-परामर्श, बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन और बिना सामाजिक-आर्थिक प्रभावों की समीक्षा के कलेक्टर गाइड लाइन दरों में अनियोजित वृद्धि कर दी गई है। इससे पूरे प्रदेश में अनेक वर्गों में असंतोष उफान पर है। किसान, छोटे व्यवसायी, कुटीर-उद्यमी, मध्यम वर्ग, छोटे रियल एस्टेट क्षेत्र और





*जनभावनाओं का सम्मान ही लोकतंत्र का आधार सांसद बृजमोहन*

*जनता पर आर्थिक बोझ नहीं होने देंगे: सांसद बृजमोहन का गाइडलाइन दरों में 100-800 वृद्धि के खिलाफ CM को पत्र*

निवेशक – सभी इस निर्णय के खिलाफ है व्यापक विरोध को देखते हुए यह निर्णय किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

सांसद अग्रवाल ने स्पष्ट कहा है कि यह वृद्धि ''इज ऑफ लिविंग'' और ''इज ऑफ डूइंग बिजनेस'' दोनों के विपरीत है और प्रदेश की आर्थिक रीढ़ पर सीधी चोट है।

उन्होंने लाभांडी और निमोरा जैसे गाँवों के चौंकाने वाले उदाहरण प्रस्तुत कर बताया कि किस प्रकार बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन के गाइडलाइन दरों में 725% और 888% तक की वृद्धि कर दी गई है, जो किसी भी आर्थिक न्याय का पालन नहीं करती। साथ ही, नवा रायपुर के ग्रामीण क्षेत्रों को बिना आवश्यक सुविधाएँ विकसित किए नगरीय क्षेत्र घोषित करने पर भी उन्होंने गंभीर सवाल उठाए हैं।

सांसद अग्रवाल का कहना है कि, गाइड लाइन दर में वृद्धि पर दावा किया जा रहा है कि किसानों को भूमि अधिग्रहण में अधिक मुआवजा मिलेगा। परन्तु वस्तुस्थिति बिल्कुल अलग है। भूमि का केवल 1% हिस्सा ही अधिग्रहण में आता है, किंतु 99% जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। गाइडलाइन मूल्य 100% बढ़ाने के बाद भी पंजीयन शुल्क 4% बनाए रखना जनता के साथ अन्याय है, जिसे घटाकर पुनः 0.8% किया जाना चाहिए। अपने पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि, 20/11/2025 को लागू नई गाइडलाइन वृद्धि को तत्काल स्थगित किया जाए। पूर्ववत गाइडलाइन पुनः लागू की जाए साथ ही स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति का गठन कर वास्तविक बाजार मूल्यांकन कराया जाए। श्री अग्रवाल ने नवा रायपुर में सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों को नगरीय क्षेत्र से करने तथा पंजीयन शुल्क 4% से घटाकर 0.8% किया जाए।

प्रदेश की जनता के हक में खड़े होने वाले सशक्त और मुखर जननेता सांसद बृजमोहन अग्रवाल हमेशा ही जनसमस्याओं को शासन तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए संघर्ष करने के लिए पहचाने जाते हैं। इस मुद्दे पर उनका हस्तक्षेप एक बार फिर यह साबित करता है कि वे राजनीति में नहीं, जनसेवा में विश्वास करते हैं। उनका यह कदम प्रदेश की लाखों परिवारों की आवाज बनकर उभरा है। जनभावनाओं का सम्मान हो यही लोकतंत्र का आधार है,

और इसी विश्वास के साथ सांसद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से तत्काल राहत देने की अपेक्षा की है।

# एड्स जागरूकता कार्यक्रम एवं विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन




ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** जिला बेमेतरा में आज AIDS Awareness Programme एवं जागरूकता आधारित विभिन्न सांस्कृतिक-शैक्षणिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को HIV/AIDS के प्रति जागरूक बनाना तथा समाज में सही जानकारी का प्रसार करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. संगीता आदिले, डॉ. विनय कुमार तिवारी, अनिल कानवर एवं आशीष दुबे द्वारा HIV/AIDS के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने युवाओं की भूमिका तथा जागरूकता की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा अन्य जागरूकता आधारित गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपने रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए।

इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन Red Ribbon Club तथा शा. महाविद्यालय थानखम्हरिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति रही।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26

# प्रतिभाओं को मंच देने जिला प्रशासन ने आमंत्रित किए आवेदन

**बेमेतरा।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे जिले के युवाओं को कला, साहित्य, संस्कृति एवं रचनात्मक प्रतिभाओं का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बेमेतरा जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 के आयोजन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष युवा उत्सव का आयोजन मैया-दीपावली सप्ताह के दौरान प्रस्तावित है। इस उत्सव के माध्यम से जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। प्रशासन ने बताया कि युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां तथा 40 वर्ष तक के नागरिक भाग ले सकते हैं। राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार प्रतिभागी पूर्व में स्वयं माय भारत पोर्टल में पंजीकृत होने पर ही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। जिन प्रतिभागियों का पंजीयन अभी नहीं हुआ है, वे जल्द से जल्द पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिला स्तरीय युवा उत्सव हेतु विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित







की जाएंगी जिनमें लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, राज्य गीत, सुगम संगीत, लोकगीत, कहानी लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, कविता लेखन, निबंध, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड— जैसी विधाएं शामिल हैं। इस वर्ष कुल 91 प्रतिभागियों के चयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर चयनित प्रतियोगी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2025, शाम 5:00 बजे निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजे जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीयन कोई भी प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकेगा। जिला प्रशासन ने समस्त युवाओं, शिक्षण संस्थानों, कला एवं संस्कृति से जुड़े युवा समूहों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में युवा उत्सव 2025-26 में भाग लें और जिले की प्रतिभा को राज्य स्तर तक पहुंचाने में सहयोग करें। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी जिला खेल अधिकारी/युवा कल्याण विभाग बेमेतरा से संपर्क कर सकते हैं यह जिला स्तरीय युवा उत्सव न केवल युवाओं की रचनात्मकता को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक बड़ा अवसर भी प्रदान करेगा।

# भाजपा के नए प्रभारी का जोशीला स्वागत

**रायपुर।** 5 दिसंबर को भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में संगठन के नवनियुक्त जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा के प्रथम रायपुर आगमन पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जोशीला स्वागत किया गया






जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में प्रभारी जी का विस्तृत परिचय सभी कार्यकर्ताओं को बताया उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले के जिलाध्यक्ष के रूप में काफी लम्बे समय तक कार्य करने का अनुभव हम सभी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा जिलाध्यक्ष जी ने रायपुर की चारों विधानसभाओं में चल रहें स्ङ्क्र के कार्य की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की साथ ही पार्टी के द्वारा शुरू किये गए स्वदेशी अभियान, हर घर संपर्क अभियान एवं हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने अपने संबोधन में बताया की किस तरह से राजधानी के कार्यकर्ता प्रदेश आये हुए सभी कार्यकर्मों में बढ़ चढ़कर अपनी बड़ी संख्या में भागीदारी देते है

प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि मैं एक नेता के तौर पर नहीं एक कार्यकर्ता के नाते आपके साथ काम करने आया हूँ प्रदेश के सभी कार्यकर्मों में रायपुर शहर के कार्यकर्ताओं की अहम् भूमिका रहती है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से स्ङ्क्र के कार्य को गंभीरता के साथ तय समय सीमा 11 दिसंबर तक पूर्ण करने का आग्रह किया उन्होंने सभी नेताओं से विशेष तौर पर बूथ स्तर के कार्यकर्ता के घर जाकर प्रवास करने का आग्रह किया जिले के द्वारा नवनियुक्त प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक एवं सह-संयोजक का स्वागत किया गया

आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयंती पटेल, अमित साहू , संजय श्रीवास्तव, छगन मूंदड़ा, सुभाष अग्रवाल, अमरजीत छाबड़ा, नंदे साहू, श्रीचन सुंदरानी,ब्रिजेश पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, संजूनारायण सिंह ठाकुर, सुभाष तिवारी, आकाश विग, मखमूर खान, मिर्जा एजाज बेग, महामंत्री अमित मैशेरी, गुंजन प्रजापति, सत्यम दुबा, अकबर अली, नवीन शर्मा, श्रदा मिश्रा, अर्चना हुकरे, तुषार चोपड़ा, संजय तिवारी, रंभा चौधरी, सरोज साहू, एवं सभी जिला, मंडल शक्तिकेंद्र के पदाधिकारी, एवं पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित हुए

# 8 फीट लंबा अजगर को रेस्क्यु कर पकड़ा गया

**भाटापारा।** क्षेत्र में एक 8 फीट लंबा अजगर सांप के निकलने से दहशत का माहौल बन गया लेकिन अजगर के आक्रमक रूख को देखकर वन विभाग के अमले को सुचना दी गई जिसके पश्चात अजगर को रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया उपरोक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से 5 किलोमीटर दुर टेहका गांव के करीब मन्नु लाल यादव के फ्लाई एस ब्रिक्स प्लांट में तारपोलिन के अंदर 8 फीट लंबा अजगर सांप बैठा हुआ था जिसे मजदुरों की नजर पड़ने के बाद पकड़ने के लिए कोशिश किया गया और एक बडें आकार के बोरे में उक्त अजगर को पकड़ने तमाम मजदुर अपना दिमाग लगाते हुए अजगर को पकड़ने जुटे हुए थे इसी दौरान अजगर ने अपना पैतरा बदलकर आक्रमक रूख दिखाना शुरू किया जिससे सभी लोग दहशत में आ गये व ब्रिक्स संचालक मन्नु लाल यादव को अपनी असमर्थता बताई जिसपर यादव ने वन विभाग के अमले को ईत्तला दी इस बीच वन विभाग के राकेश ध्रुव सहित अन्य लोगो ने रेस्क्यु ऑपरेशन चलाते हुए सफलता पूर्वक अजगर को वहा से पकड़ लिया इस घटना की जानकारी पर आसपास के गांव सहित टेहका भाटा व पंचशीन नगर से भी हजारो लोग वहा पर इस अजगर को देखने पहुचने लगे किसी तरह अजगर को पकड़े जाने के बाद लोगो ने राहत की सांस ली ।



# खोखली धान संग्रहण केन्द्र में लापरवाही के चलते 12 बोरा धान की चोरी

**भाटापारा।** शहर से लगे गांव खोखली के धान खरीदी केन्द्र में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी व लापरवाही किये जाने का मामला सामने आया है उक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार खोखली धान खरीदी केन्द्र से 12 बोरा धान चोरी हो जाने की सुचना के बाद समिती प्रबंधक व अध्यक्ष को सोकाज नोटिस जारी किया गया है । बताया जाता है कि कुछ अज्ञात लोगो द्वारा खोखली धान संग्रहण केन्द्र में 12 बोरी धान चोरी कर लिया गया था उक्त घटना को अधिकारियों ने खोखली गांव के धान संग्रहण केन्द्र प्रभारी की लापरवाही मानते हुए अध्यक्ष व प्रबंधक को सोकाज नोटिस जारी किया है । इस बीच संपूर्ण घटना की विभागीय तौर पर जांच शुरू कर दी गई है ।

# शिवरतन शर्मा ने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

**भाटापारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा पालिका क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डो में सीमेंट कांक्रिट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया इस अवसर पर उन्होने कहा कि इन वार्डो में सीसी रोड निर्माण के बाद लोगो क ो आवा जाही में सुविधा प्राप्त हो सकेगा क्योकि बरसात व अन्य दिनो में उबड़ - खाबड़ रास्ते से आने जाने में लोगो को दिक्क्त ो से जुझना पड़ता था उक्त अवसर पर उपस्थित पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहां कि नयागंज वार्ड में 19.69 लाख रूपये की लागत से तथा गुरूनानक वार्ड में 5 अलग - अलग स्थानों पर 22.66 लाख रूपयें की लागत से सीसी रोड निर्माण हो जाने के बाद लोगो को धुल व कीचड़ की समस्या से निजात मिल सकेगा। उपरोक्त अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दीलिप छाबड़िया , मनीष मिश्रा , गोविंद पटेल , सतीश साहु, भुवन सिंह ठाकुर , कुंजराम कोशले , ठाकुर राम साहू, श्रेणिक गोल्छा , उमाशंकर वर्मा , शुभम राजपुत , दशरथ साहू , ओमप्रकाश रात्रे , चन्द्रकांत खुटे , बंटी टठंन , मोहनलाल बांधे , आशीष टोडर , माखन महिलांगे , अश्वनी भट , आलोक चौरसिया , राजेश उपाध्याय , प्रहलाद दिनेश , संत घृतलहरे , राहुल डहरिया सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजुद थे।



# स्वामीआत्मानंद स्कूल में अवैध वसूली का खेल बेखौब जारी - इन्द्र साव

## विधायक इन्द्र साव के निरीक्षण के दौरान मिली गड़बड़ियां

**भाटापारा/ निपनिया।** स्वामीआत्मानंद स्कूल निपनिया में विधायक इन्द्र साव ने आकस्मिक निरीक्षण करते हुए वहां भारी कमियां पाई। स्कूल के शौचालय व क्लास रूम मे गंदगी ,अवैध फीस वसूली सहित संस्था के प्राचार्य बिना सूचना के स्कूल से गायब मिले विधायक ने इस मामले में गहरी नाराजगी जताते हुए दूरभाष पर कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही और जांच की मांग की है। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के संरक्षण में शिक्षा का स्तर इतना ज्यादा गिर गया है कि पूर्व में कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के दौरान बच्चों को नि शुल्क अच्छी शिक्षा देने के लिए खोली गई स्वामी आत्मानंद स्कूल निपनिया में बिना किसी बैठक के बच्चों से बिना रसीद दिये ग्यारह सौ बीस, ग्यारह सौ पचास एवं ग्यारह सौ नाब्बे की दर से प्रति छात्र से स्काउट गाइड, क्रिया कलाप निधि, निर्धन छात्र निधि, विज्ञान क्लब, क्रीड़ा निधि, रेड क्रास निधि, परीक्षा निधि, विज्ञान प्रायोगिक निधि, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नाम से वसूला जा रहा है। विधायक श्री साव ने कहा कि आत्मानंद विद्यालय संचालन के लिए प्रत्येक वर्ष एक लाख, ब्यासी हजार रुपए की राशि मिलती है जो पूर्व के दो वर्षो से लेप्स हो चुकी है। वही इस वर्ष भी एक लाख ब्यासी हजार की राशि स्कूल को मिल चुकी है लेकिन आज पर्यंत तक कोई भी कार्य नही कराया गया है जो निश्चित रूप से संस्था प्रमुख की घोर लापरवाही का नतीजा है। विधायक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूल कैंपस में साफ सफाई का अभाव देखने को मिला और जानकारी लेने पर बताया गया कि हफ्ते भर से साफ सफाई नहीं हुई है। स्कूल के प्राचार्य भी बिना किसी सूचना के स्कूल से गायब मिले। विधायक श्री साव ने इस स्कूल निरीक्षण के दौरान मिली भारी अनियमितता और बच्चों के मन मस्तिष्क पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को ध्यान में रखते हुए पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को देते है इस पर तत्काल एक्शन लेने की मांग की है। विधायक निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि जीत्तु ठाकुर, सरपंच नरेश ध्रुव, विद्यालय विधायक प्रतिनिधि दिनेश तिवारी , कुलेश्वर वर्मा शाला विकास समिति के सदस्य सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।



# जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** 02 दिसंबर 2025 को महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बेमेतरा के तहत संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार बाल विवाह रोकथाम हेतु व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी. शर्मा तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री व्योम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री राजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में टीम ने बेमेतरा शहर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मोहभट्ठा का भ्रमण किया।





बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की दी गई जानकारी, बच्चों को दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य, महत्व एवं दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। टीम द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 (Prohibition of Child Marriage Act, 2006) के कानूनी प्रावधानों, बाल विवाह की परिभाषा, दंडात्मक प्रावधान, शिकायत एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था के बारे में विस्तार से समझाया गया। उपस्थित विद्यार्थियों को बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है और इसे रोकना हर नागरिक का कर्तव्य है—इस संकल्प के साथ सामूहिक शपथ दिलाई गई।

### विधिक सहायता एवं बाल संरक्षण सेवाओं की दी गई जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) के प्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता, उनके अधिकारों, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा उपलब्ध कानूनी संरक्षण के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन (टोल फ्री आपात सेवा), स्पॉन्सरशिप योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बाल सुरक्षा से संबंधित अन्य सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। जागरूकता कार्यक्रम मे श्री अग्रवाल, प्राचार्य, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विद्यालय के सभी व्याख्याता, आभाष शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन—परामर्शदाता, सुश्री इंद्राणी सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन—पर्यवेक्षक, श्री आशीष जायसवाल, चाइल्ड हेल्पलाइन—पर्यवेक्षक, श्री गौतम गोरे, चाइल्ड हेल्पलाइन—केस वर्कर, श्री देवेंद्र सिंह वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण—अधिकार मित्र उपस्थित थे यह अभियान जिले में बाल विवाह उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की विस्तारपूर्वक ली समीक्षा

# 31 मार्च 2026 तक सभी लंबित एवं नवीन आवास पूर्ण कराने के सख्त निर्देश, लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ, बीडीओ, तकनीकी अधिकारियों, रोजगार सहायकों तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। कलेक्टर ने योजना के अंतर्गत लंबित आवास निर्माण, निधि वितरण, लाभार्थी चयन तथा कार्य की वास्तविक प्रगति पर विस्तृत चर्चा की।





### जिले में 11,908 आवास अपूर्ण – सभी को समयसीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जिले में कुल 11,908 आवास अपूर्ण हैं, जिन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 के नवीन स्वीकृत आवासों का भी कार्य तुरंत प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सभी अपूर्ण आवासों को 31 मार्च 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराना है।

### सभी जनपद पंचायतें कार्ययोजना बनाकर साप्ताहवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें

लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गई किस्तों का उपयोग सुनिश्चित करते हुए कार्य की चरणवार निगरानी की जाए। तकनीकी स्वीकृति, भू-समतलीकरण, निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना ग्रामीण गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने हेतु केंद्र सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए इसकी प्रगति में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।

### कलेक्टर का स्पष्ट संदेश – लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने बैठक में निर्देशित किया कि योजना से जुड़े किसी भी स्तर के कर्मचारी या अधिकारी द्वारा लापरवाही, देरी या अनुशासनहीनता बरतने पर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी ग्राउंड रिपोर्टिंग और MIS डेटा में अंतर पाए जाने पर संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे। जनपद स्तर पर नियमित फील्ड विज़िट कर कार्य की निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### लाभार्थियों के हित सर्वोपरि – समय पर भुगतान और तकनीकी सहायता सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजना की किस्तें समय पर जारी हों। मास्टर रोल, जिओ-टैगिंग और प्रगति फोटो समय पर पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। निर्माण सामग्री की उपलब्धता एवं परिवहन व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायकों को गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से प्रतिदिन प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिए जाएं। कलेक्टर ने यह भी कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। अंत में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के जीवन में बदलाव लाने वाली योजना है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और मार्च 2026 तक जिले के सभी आवासों को शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं।

### वन मंत्री केदार कश्यप ने नवागढ़ ब्लॉक के गिधवा  परसदा पक्षी विहार का किया दौरा

# प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु दिए महत्वपूर्ण निर्देश - कलेक्टर रणबीर शर्मा भी रहे साथ





**बेमेतरा।** आज पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप ने नवागढ़ ब्लॉक स्थित प्रसिद्ध गिधवा- परसदा पक्षी विहार का दौरा किया। यह स्थल अपने प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण तथा हर वर्ष बड़ी संख्या में आने वाले प्रवासी पक्षियों के लिए जाना जाता है। मंत्री श्री कश्यप ने यहां विभिन्न तालाबों, प्राकृतिक आर्द्रभूमि, संरक्षण क्षेत्रों तथा प्रवासी पक्षियों के आसरे स्थलों का निरीक्षण कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक श्री अरुण पांडे, मुख्य वन संरक्षक दुर्ग सुश्री एम. मर्सी बेला, वन मंडलाधिकारी दुर्ग श्री दीपेश कपिल, एसडीएम दिव्या पोटाई उपस्थित थे 7

### प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों, संख्या और प्रवास च   की ली जानकारी

अपने निरीक्षण के दौरान वन मंत्री ने अधिकारियों से वर्तमान मौसम में गिधवा-परसदा पहुंची प्रवासी पक्षियों कि प्रजातियों, अनुमानित संख्या, प्रवास काल, आहार प्रणाली तथा प्रजनन व्यवहार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

उन्होंने विशेष रूप से बारहेड गूज, नॉर्दर्न शवलर, कॉमन टील, पिनटेल डक, पेंटेड स्टॉर्क, ओपनबिल्ड स्टॉर्क, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, सारस क्रेन सहित कई विदेशी प्रजातियों के आगमन पर संतोष व्यक्त किया। मंत्री ने कहा कि गिधवाङ्कपरसदा वेटलैंड राज्य ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख बर्ड-वॉचिंग स्थल के रूप में उभर रहा है।

### संवर्धन, सुरक्षा और पर्यटन विकास हेतु दिए महत्वपूर्ण निर्देश

वन मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवासी पक्षियों के सुरक्षित प्रवास हेतु वेटलैंड क्षेत्र में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम रखा जाए। अवैध शिकार, शोर-शराबा एवं अनियंत्रित मानव गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। तालाबों में जल का स्तर एवं प्राकृतिक आहार व्यवस्था संतुलित बनाए रखने हेतु वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाया जाए।

### पक्षियों की निगरानी के लिए नियमित मॉनिटरिंग टीम गठित की जाए

गिधवा-परसदा को इको-पर्यटन के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवासी पक्षियों की उपस्थिति प्रदेश की जैवविविधता का महत्वपूर्ण संकेत है। इसे संरक्षित रखने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

मंत्री के दौरे के दौरान कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा, एसडीएम सुश्री दिव्या पोटाई, वन विभाग के अधिकारी, नवागढ़ ब्लॉक प्रशासन, स्थानीय पर्यावरण प्रेमी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कलेक्टर ने क्षेत्र में चल रहे संरक्षण कार्यों एवं प्रबंधन के उपायों की जानकारी मंत्री को दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा वेटलैंड संरक्षण, सफाई अभियान, पक्षी मित्र दल का गठन तथा जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाए जा रहे हैं।

### स्थानीय ग्रामीणों से की बातचीत, सुझाव भी मांगे

दौरे के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने आसपास के ग्रामीणों से चर्चा कर पक्षी विहार से जुड़े उनके अनुभव एवं सुझाव भी सुने। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष अक्टूबर-मार्च के दौरान पक्षियों के आगमन से क्षेत्र में पर्यावरणीय गतिविधियां और पर्यटन बढ़ता है। मंत्री ने कहा कि गिधवाङ्कपरसदा के विकास में स्थानीय समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

### गिधवा- परसदा को अंतरराष्टीय पहचान दिलाने का लक्ष्य

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि गिधवा-परसदा पक्षी विहार को राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतराष्ट्रीय बर्ड-वॉचिंग सर्किट में भी शामिल किया जाए। इसके लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास, सूचनात्मक साइनबोर्ड, बर्ड वॉचिंग टॉवर, सोलर लाइटिंग, जैवविविधता अध्ययन केंद्र जैसी योजनाओं पर विस्तार से कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के अंत में मंत्री श्री कश्यप ने अधिकारियों से कहा कि इस प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए सभी विभाग समन्वयपूर्वक कार्य करें और आने वाले प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करें।

### आयुक्त  दुर्ग संभाग का एक दिवसीय बेमेतरा दौरा

# धान खरीदी व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, किसानों से ली जमीनी हकीकत की जानकारी



**बेमेतरा।** दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने जिले के एक दिवसीय प्रवास पर बेमेतरा पहुँचकर धान खरीदी व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा स्वयं उनके साथ मौजूद रहे और विभिन्न खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं की समीक्षा में सहभागिता की।

### बिजाभाट धान उपार्जन केंद्र में पहुंचकर की गई विस्तृत जांच

निरीक्षण के दौरान आयुक्त एवं कलेक्टर ने बिजाभाट धान उपार्जन केंद्र का भ्रमण किया, जहाँ किसानों द्वारा लाए जा रहे धान, उसकी गुणवत्ता तथा खरीदी की समग्र प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया गया। आयुक्त ने स्वयं मॉइस्चर मशीन का उपयोग कर धान का मॉइस्चर स्तर चेक किया और यह सुनिश्चित किया कि धान खरीदी नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से हो रही है। उन्होंने समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि परिसर में पर्याप्त स्पेस बनाया जाए ताकि किसानों को धान रखने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, कतार व्यवस्था, तुलाई प्रक्रिया और भंडारण प्रबंधन सुचारू रूप से संचालित हों, किसानों के लिए पानी, शेड, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ, किसानों से सीधी बातचीत, ली खरीदी प्रक्रिया की वास्तविक जानकारी आयुक्त श्री राठौर ने केंद्र में उपस्थित किसानों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्या, सुझाव एवं खरीदी से जुड़ी स्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि खरीदी प्रक्रिया में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही? टोकन समय पर मिल रहे हैं या नहीं? तुलाई एवं भुगतान व्यवस्था से किसान संतुष्ट हैं या नहीं? किसानों ने प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए बताया कि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री प्रकाश भारद्वाज, कृषि, खाद्य एवं मार्कफेड के अधिकारी, समिति प्रबंधक तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी को आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी स्थिति में परेशानी न होने पाए तथा खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। आयुक्त का यह निरीक्षण जिले में धान खरीदी की व्यवस्था को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



# कलेक्टर शर्मा की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

## कलेक्टर रणवीर शर्मा ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश





**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रणवीर शर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष दिशा भवन में जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन, मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा धान खरीदी व्यवस्था की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभिन्न विषयों पर स्पष्ट एवं समयबद्ध निर्देश दिए।

### निष्क्रिय खातों की राशि शासन को हस्तांतरित करें, मतदाता सूची का शत-प्रतिशत पुनरीक्षण सुनिश्चित करें, धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएं

### निष्क्रिय बैंक खातों की राशि अभिलंब शासन को हस्तांतरित करें - कलेक्टर

बैठक में कलेक्टर ने शासकीय प्रयोजन हेतु खोले गए निष्क्रिय बैंक खातों की जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसे खाते जिनमें लगातार दो वर्ष या अधिक समय तक कोई लेन-देन नहीं हुआ है, उन्हें निष्क्रिय माना जाता है। यदि खाता 10 वर्षों तक निष्क्रिय रहता है तो उसमें जमा राशि तथा ब्याज आरबीआई के डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में स्थानांतरित हो जाता है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने निष्क्रिय खातों की तत्काल जानकारी संकलित करें - इन-ऑपरेटिव खातों की राशि संबंधित प्रक्रिया के अनुसार शासन को हस्तांतरित करें। खातों को पुनः सक्रिय करने के लिए केवायसी अद्यतन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता में लेते हुए अभिलंब पूर्ण करें।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं -शत-प्रतिशत नाम शामिल करना सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि एक भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य को मिशन मोड में संचालित करें। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में जोड़ा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता से संपादित किया जाए।

### धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करें– किसान हित सर्वोपरि

*कलेक्टर ने जिले में चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। किसानों द्वारा बोए गए वास्तविक रकबे के अनुसार ही धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों में सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखें। सभी पात्र किसानों से बिना किसी बाधा के धान खरीदी की जाए। शासन को भेजी जाने वाली रिपोर्ट में तथ्यात्मक एवं वास्तविक जानकारी ही शामिल हो। कलेक्टर ने कहा कि गलत अथवा भ्रामक जानकारी भेजे जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने शीतकालीन विधानसभा सत्र, लोकसभा एवं राज्यसभा सत्र के दौरान विभागों से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की देरी विभागीय दायित्वों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। सभी विभाग उत्तर भेजने में शत-प्रतिशत समयपालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय समर्पण के साथ कार्य करें और जिले के विकास कार्यों को गति प्रदान करें।*

# नगर में धूमधाम से भगवान सहस्त्रबाहु जयंती मनाई गई

## स्वास्थ मंत्री सहस्त्रबाहु जयंती में शामिल हुये

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखम्हरिया।** राजिम कुंभ की तरह यहॉ भी श्रद्धावान लोगों का दर्शन कर रहा हूॅ। कलार समाज गौरवशाली कलचुरी वंश की विरासत है। छत्तीसगढ़ की विविधताओं के बावजूद यहॉ के लोगों के विचारों और संस्कारों में समानता है। समाज के लोग हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं इस एकता को बनाए रखना आवश्यक है।

प्रदेश के स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने नगर में आयोजित भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती समारोह में समाज के लोगों से शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ता है। कलार समाज पूरे विश्व में हैं जिनके दक्षिण भारत में 77 उपनाम हैं। सातवीं शताब्दी से लेकर कलचुरी समाज के वंशज हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रू दिलाने की बात कही। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वीपर, महिला चिकित्सक की नियुक्ति का आश्वासन दिया। साजा विधायक ईश्वर साहू ने मंच से विधायक निधि से सहस्त्रबाहु मार्ग के लिए 10 लाख रू देने की घोषणा की। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, अनिल सिन्हा उपसचिव विधि–विधायी विभाग मंत्रालय रायपुर, होरीलाल सिन्हा प्रदेश मंत्री भाजपा, विजय सिन्हा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, सुरेश सिहोरे अध्यक्ष नगर पंचायत देवकर आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की गयी। सामाजिक बंधुओं ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। अनीता चंदन अग्रवाल ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर श्री जायसवाल का सम्मान किया। समाज के वरिष्ठजनों ने छत्तीसगढ़ी को भाषा का दर्जा, स्कूली पाठ्यक्रम में भगवान सहस्त्रबाहु के जीवन चरित्र को शामिल करने, कलार समाज बोर्ड स्थापना की मांग की। विधायक ईश्वर साहू ने समाज के लोगों को संगठित रहते हुए समाज के उत्थान का संदेश दिया। समाज के गरीब तबके के लोगों की मदद के लिए समाज को सदैव तत्पर रहने की बात कही। सुबह पूजन अर्चन कथा हुयी शाम को शोभायात्रा निकाली गयी। श्री जायसवाल ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नमिता सिन्हा, चेतन सिन्हा, पार्षद नेहा जितेंद्र सिन्हा, भागवत सिन्हा, विरेंद्र सिन्हा, हुकुम सिन्हा, कृष्ण सिन्हा, तोरण लाल सिन्हा, रामकुमार डड़सेना, खुमान सिन्हा, अमर सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा, अशोक जायसवाल, अजय जायसवाल, टीकाराम, राजेश जायसवाल, संजय सिन्हा, प्रहलाद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# स्वास्थ्य मंत्री ने किया सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र का निरीक्षण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखम्हरिया।** प्रदेश के स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र का निरीक्षण किया। मरीजों, मरीजों के परिजनों, चिकित्सकों तथा स्वास्थ कर्मियों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को जाना। स्वास्थ सुविधाओं का जायजा लिया।

मंत्री जी ने गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार मरीजों के प्रति अधिक संवेदनशील होने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने पंजीयन काउंटर का अवलोकन कर पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी प्रसव की जानकारी ली। चिकित्सकों ने नवंबर माह में 29 महिलाओं की डिलीवरी होना बताया। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल वार्ड, मेडिसिन वार्ड, बाल्य एवं शिशु वार्ड का भी निरीक्षण किया। श्री जायसवाल ने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। भाजपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा अस्पताल में स्वीपर, महिला चिकित्सक की मांग की गई जिस पर सीएमएचओ को इसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। नागरिकों ने इस बात पर नाराजगी जतायी कि पिछले अनेक वर्षों से अस्पताल में स्वीपर का पद रिक्त है पोस्टमार्टम के लिये मरीज के परिजनों को अमानवीय पीड़ा झेलनी पड़ती है घण्टों समय बर्बाद करना पड़ता है। वर्षों से मांग करने के बावजूद स्वीपर की नियुक्ति नहीं की जा रही है। महिला चिकित्सक की मांग भी वर्षों से की जा रही है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों का पालन कब तक होता है। महिला स्वास्थ्य कर्मियों नीता राजपूत, पूजा देवांगन, नंदिनी सिंह, सविता मंडावी ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर अपनी समस्यायें रखी। सोनोग्राफी मशीन, मितानिन भवन के संदर्भ में भी मांग पत्र दिया गया जिसे शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, महामंत्री राजेश ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, जिला मंत्री भाजपा सुरेश सिंघानिया, मण्डल अध्यक्ष केशव पटेल, घनश्याम राजपूत, आदर्श जोशी, दौलतनाथ योगी, तहसीलदार मोरध्वज साहू, एसडीएम वर्मा मैडम, नायब तहसीलदार प्रदीप तिवारी, सब इंजीनियर लालचंद चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## समाज में शिक्षा का अलख जगाने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक की लहर



**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम करमू निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक व चण्डी समिति के पूर्व सचिव शंभू पाटिल जी का 81 साल की अवस्था में 29 नवंबर को निधन हो गया। वे सनत पाटिल, रोहित पाटिल, मोहित पाटिल व गायत्री पाटिल के पिता थे। शिक्षा की अलख जगाने वाले सेवाभावी, धार्मिक प्रवृत्ति के शंभू पाटिल के निधन से क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। निधन की सूचना मिलते ही उनके स्वजनों, शुभचिंतकों व शिष्यों में निराशा छा गयी उनके आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर का दर्शन किया। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। आसपास क्षेत्र में ख्यातिलब्ध शिक्षक थे जिनका दाह संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। सभी ने अपने-अपने शब्दों में दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुक हो गए। विद्यालय की छात्राओं ने भी अपने प्रिय शिक्षक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। पूरे विद्यालय परिवार में गमगीन माहौल रहा और सभी ने नम आंखों से अपने शिक्षक को अंतिम विदाई दी। साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि दी। श्री राम सेवा मानस सतसंग समिति ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाटापारा न्यायालय का स्थापना दिवस मनाया गया , उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमुर्ति सिन्हा विशेष रूप से शामिल हुए

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अधिवक्ता संघ द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर, में व्यवहार न्यायालय का 20 वाँ स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही । उन्होंने अपने उद्बोधन में न्यायपालिका एवं अधिवक्ता समुदाय की भूमिका पर गहन और प्रेरक विचार व्यक्त किये। मुख्य न्यायाधीश ने इस अवसर को केवल औपचारिक आयोजन न बताते हुए कहा कि यह सामूहिक यात्रा, साझा मूल्यों और विधिक समुदाय की अटूट भावना का उत्सव है। उन्होंने बार एवं बेंच के संतुलित संबंध को न्याय व्यवस्था की आधारशिला बताते हुए कहा कि जब दोनों संस्थाएँ सौहार्द और परस्पर सम्मान के साथ कार्य करती हैं, तभी न्याय प्रणाली विश्वास एवं स्पष्टता के साथ आगे बढ़ती है। उन्होंने भाटापारा बार एसोसिएशन की स्थापना से लेकर आज तक की प्रगति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं के व्यावसायिक उत्थान, मार्गदर्शन, नैतिकता और अनुशासन को सदैव प्राथमिकता दी है। मुख्य न्यायाधीश ने विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके तर्क मुकदमे तो जीता सकते हैं लेकिन आपकी ईमानदारी ही न्याय व्यवस्था में स्थायी विश्वास अर्जित करती है। अनुशासन, विनम्रता और निरंतर सीखने की भावना ही आपको इस पवित्र पेशे में सफलता दिलाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव को उन्होंने प्रकाश स्तंभ की उपमा देते हुए कहा कि अगली पीढ़ी इन्हीं के मार्गदर्शन से अपने पेशेवर जीवन की दिशा तय करती है।

# ग्राम बरगा में भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई गई गीता जयंती

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखम्हरिया।** ग्राम बरगा में गीता जयंती का पर्व अद्भुत उत्साह, धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। प्रात:काल से ही गांव का माहौल भक्ति-मय हो गया था। बाल संस्कार शिशु मंदिर के शिक्षकों एवं नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने परंपरागत वेशभूषा धारण कर पूरे गांव की गलियों में मनमोहक शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा में गीता महरानी की अलंकृत पालकी आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों द्वारा गीता के सार, धर्म, कर्म, योग, ज्ञान और सत्य के संदेश को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। गीता माता की जय, धर्म की जय हो जैसे जोशीले जयकारों से बरगा की गलियां गूंज उठीं। बच्चे, शिक्षक व समिति के सदस्य शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का संदेश देते हुए आगे बढ़ते रहे। गांव के श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का हर मोड़ पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कहीं आरती थाल सजाए महिलाएं खड़ी थीं, तो कहीं ग्रामजन पुष्पवृष्टि कर गीता महरानी की आराधना में लीन दिखे। कई परिवारों ने शोभायात्रा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर मंगलकामनाएं कीं। पूरा गांव एक आध्यात्मिक पर्व जैसा जी उठा। शोभायात्रा के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को गीता के जीवन-उपयोगी सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है, जो हमें निष्काम कर्म, धैर्य, शांति और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाती है।

कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक रूप से गीता के 18 अध्यायों से चयनित श्लोकों का पाठ किया गया। विद्वानों ने गीता के वैश्विक महत्व और समाज में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता पर प्रेरक उद्बोधन भी दिए। विद्यालय परिवार ने ग्रामवासियों के सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। गीता जयंती उत्सव ने बरगा गांव में एकता, भक्ति और आध्यात्मिकता का सुंदर संदेश दिया तथा पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

# भाटापारा मंडी में विष्णुभोग धान ने उछाल लगाया 6150 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका , किसान हुए खुश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे पुरानी व सबसे बड़ी भाटापारा क ृषि उपज मंडी में विभिन्न सोसायटियों में धान खरीदी के बावजूद बड़ी मात्रा में धान व उन्हारी की आवक का सिलसिला जारी है जबकि जगह - जगह नाका बंदी व जांच पड़ताल होने के बावजूद क्षेत्र के किसान अपनी उपज को भाटापारा मंडी में इसलिए बेच रहे है क्योकि यहां पर उन्हे त्वरित भुगतान के साथ - साथ धान व उन्हारी का बहुत अच्छा भाव मिलने लगा है । सोमवार को मंडी



प्रांगण में विष्णु ज़ेग ईनेम धान 6150 रूपये प्रति क्विंटल के अच्छे भाव पर बिका वही एचएमटी ईनेम धान 2340 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया । श्रीराम ईनेम धान 3281 रूपयें प्रति क्विंटल के ऊचे भाव पर बिका वही महामाया ईनेम धान भी ऊंचे भाव पर बिकते हुए 2971 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका । महामाया नया धान 2980 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया । प्रांगण में महामाया पुराना धान भी 2800 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिक गया । मोटा मिक्स धान 2170 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका। सरना धान 2300 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचकर किसान प्रसन्न चित मुद्रा में नजर आये। वही चना ईनेम 4905 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया सामान्य चना 4555 रूपये प्रति क्विंटल के दर से बिका । तिवरा ईनेम 3271 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया तो सामान्य तिवरा भी 3271 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिक गया । मसुर ईनेम ने 5655 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिक कर रिकॉर्ड बनाया वहीं बटरी भी 3280 रूपये के भाव से बिक कर अपना सम्मान जनक भाव पाने में सफल रहा ।

## मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर शिवरतन ने ली बैठक

**भाटापारा।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा गंभीर है। पार्टी कार्यकताओं को तकनीकी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पाचो मंडलो में क्रमश- मंगलवार को भाजपा एसआईआर जिला प्रभारी, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ताओ की बैठक ली उक्त अवसर पर जयंती पटेल ने कहां मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में कार्यकताओं को हर घर तक पहुंचना है। माइक्रो मैनेजमेंट के तहत हर छोटे से छोटे बिंदु पर ध्यान देते हुए कार्य करना होगा। शक्तिकेंद्र संयोजकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सूची पुनरीक्षण का समय अब बढ़ कर 11 दिसंबर तक चलेगा। इसमें पूरी ताकत झोंकनी होगी। बूथ स्तर पर विशेष प्रयास करते हुए विचार परिवार के लोगों को मतदाता सूची में जरूर जुड़े हैं की नहीं इसका निरिक्षण करना होगा। आवश्यक कामों को छोड़कर अब केवल 8 दिन इस अभियान में पूरा समय देने की कोशिश करें। बैठक को



संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य राष्ट्रीय महत्व का दायित्व है। देश में अब एकीकृत मतदाता सूची के आधार पर चुनाव होंगे, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने एसआईआर को उन लोगों की पहचान का सटीक तरीका बताया, जो गलत ढंग से मतदाता सूची में नाम जोड़कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि सही मतदाता की पहचान और उन्हें मतदान का अधिकार दिलाना ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है, और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस राष्ट्रीय कार्य में पूर्ण निष्ठा के साथ जुटा हुआ है।

## महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनो का भाटापारा में ठहराव देने की पुन: मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य के बिलासपुर रेल्वे जोन व रायपुर रेल डिवीजन के अंतर्गत भाटापारा एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट आय देने वाला रेल्वे स्टेशन है और यह रायपुर बिलासपुर दुर्ग , रायगढ़ के पश्चात सर्वाधिक आय अर्जित करने वाला सबसे बड़ा रेल्वे स्टेशन भी है इस स्टेशन से सात विधानसभा क्षेत्र के लोग अपनी महत्वपूर्ण रेल यात्रा करते है । भाटापारा स्टेशन के नजदीक अडानी अंबुजा , लाफार्ज ,ग्रासीम , अल्ट्राटेक , बांगड़ , टाटा व श्री सीमेंट संयंत्र के साथ साथ स्वंय भाटापारा शहरी क्षेत्र की लगभग 500 से अधिक राईस , दाल , पोहा व अन्य उद्योग संचालित है जहां से संबद्ध लोग भारी तादाद में देश के कोने कोने तक ट्रेन से सफर करते है इसको मद्दे नजर रखते हुए भाटापारा रेल्वे स्टेशन में एक लंबे वक्त से अनेक अति महत्वपूर्ण ट्रेनो का अनिवार्य




स्टॉपेज देने की मांग क्षेत्र की जनता कर रही है लेकिन रेल्वे के उच्चाधिकारियों एवं जिम्मेदार राजनेताओ के गैर जिम्मेदाराना रव्वैये के कारण भाटापारा मे अति महत्वपूर्ण ट्रेनो का स्टॉपेज नही मिल पा रहा है जिसमें बिलासपुर - चेन्नई एक्सप्रेस , बिलासपुर - नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस , बिलासपुर - आपा एक्सप्रेस , दरभंगा - हैदराबाद एक्सप्रेस , माल्दाटाउन - सुरत एक्सप्रेस , कुर्ला - भुनेश्वर एक्सप्रेस , हटिया - कुर्ला एक्सप्रेस , हावड़ा - शिरडी एक्सप्रेस , कुर्ला - गुहाटी एक्सप्रेस , हावड़ा - मुंबई गितांजली एक्सप्रेस , समरस्ता एक्सप्रेस , बिलासपुर - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस , हावड़ा - मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस ,हावड़ा - पुणे दुरंतो एक्सप्रेस , संतरागाछी - पोरबंदर एक्सप्रेस जैसे ट्रेनो का स्टॉपेज देने की मांग लोग अरसे से करते आ रहे है लेकिन यहा की जनभावना के साथ जिम्मेदार रेल अफसर व नेता खिलवाड़ करते हुए ट्रेनो का स्टॉपेज नही करा पा रहे है। जबकि भाटापारा रेल्वे स्टेशन से कम आय देने वाले चांपा , खरसिया एवं डोंगरगढ़ जैसे छोटे स्टेशनों में उस क्षेत्र के नेताओं ने रूचि लेकर जनहित में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनो का स्टॉपेज वहा पर करा लिया है । भाटापारा रेल्वे स्टेशन में एक लंबे समय से महत्वपूर्ण यात्री टेःनो का स्टॉपेज ना होना दुर्भाग्य जनक बात है क्षेत्र वासियो ने एक बार फिर महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनो का ठहराव भाटापारा रेल्वे स्टेशन में शीघ्र करने की गुहार लगाई है ।

## छत्तीसगढ़ी को राज भाषा का दर्जा देने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज भाषा आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ी राज भाषा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे । कार्यक्रम में 6 साहित्यकारों का सम्मान किया गया इस दौरान 13 किताबों का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम के दौरान सभी लोगो ने छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवी अनुसुचि में शामिल करने के लिए प्रस्ताव पुन- केन्द्र को ज़ेजे जाने पर सहमति बनी उक्त कार्यक्रम में स्थानीय साहित्यकार अजय अमृतांशु , मनीराम साहु , नरेन्द्र वर्मा , तुलेश्वरी धुरंधर , कमलेश सेन , भागवत चन्द्राकर ,मनोज वर्मा , महेन्द्र घृतलहरे , राजेन्द्र निर्मलकर , निवेदिका वर्मा , मेघा वर्मा , अजय साहू , इंद्राणी साहू , मथुराप्रसाद वर्मा , मदन बंजारे , दिलेश फेकर ,राज गुप्ता सहित अन्य कलमकार , साहित्यकार , व्यंगकार ,लेखक शामिल हुए।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com